मंगलवार
15 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



पत्नी की चित्कार... आई हो दादा, पइसा खातिर मार देहलसन 3



## छोटी खबरें

### बाल दिवस पर राष्ट्रपति ने कई स्कूल के बच्चों से की बात

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक छोटे से गांव से जिंदगी शुरू की और आज देश के सर्वोच्च पद पर हैं। बाल दिवस के मौके पर उन्होंने राष्ट्रपति भवन में कई स्कूलों के बच्चों से बात की। इस दौरान उन्होंने अपने जीवन का संघर्ष भी बताया। उन्होंने कहा, हम लोगों के स्कूल में टेबल नहीं था, चेयर नहीं थी। यहां तक की फर्श भी इस तरह की टाइल वाली नहीं थी। राष्ट्रपति ने कहा, हम लोग बोरे पर बैठकर पढ़ाई करते थे। राष्ट्रपति ने उनसे मिलने आए छात्र और छात्राओं से भी उनके बारे में सवाल पूछे। एक अन्य छात्र से राष्ट्रपति ने पूछा, अगर आपको प्रधानमंत्री बनने का मौका मिले तो आप क्या करेंगे? छात्रा ने जवाब दिया कि वह गलत को खत्म करने और देश को उठाने का कार्य करने की कोशिश करेगा। एक छात्रा ने उन्हें अपने स्कूल में आने का आमंत्रण भी दिया। एक छात्र ने जब उनसे कहा कि वह डिफेंस ऑफिसर बनना चाहता है तो राष्ट्रपति ने कहा कि इसके लिए मेंटली और फिजिकली फिट रहने की जरूरत है। इसी क्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, जीवन के हर कदम पर कठिनाई है। लेकिन जीवन वन वे ट्रैफिक है। इसमें पीछे नहीं जाना चाहिए।

### आजमगढ़ में तैनात दारोगा ने दिल्ली में खुद को मारी गोली

**नई दिल्ली।** आजमगढ़ के देवगांव कोतवाली में तैनात दरोगा मनोज विश्वकर्मा ने दिल्ली में अपने दोस्त के घर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। दारोगा देवगांव में दर्ज एक मुकदमे के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए हरियाणा में गए थे। आरोपी के न मिलने पर दिल्ली के रहने वाले दोस्त के यहां चले आए। जहां बंद कमरे में स्वयं को गोली मार ली। पूरे मामले की जांच दिल्ली पुलिस कर रही है। घटना की जानकारी होने पर सोमवार को कोतवाल देवगांव अपनी टीम के साथ दिल्ली के लिए रवाना हो गए। उपनिरीक्षक मनोज विश्वकर्मा (34) प्रतापगढ़ जिले के हदिगवा थाने के समसपुर गांव के निवासी थे। 2016 में उपनिरीक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। जिले के विभिन्न थानों पर अपनी सेवा देने के बाद 16 जुलाई 2022 को देवगांव कोतवाली में तैनात हुए थे। देवगांव कोतवाली में दर्ज लड़की भगाने के एक मामले की वह विवेचना कर रहे थे। इस दौरान आरोपी के हरियाणा में होने की सूचना मिली। मनोज अपने साथ एक महिला और पुरुष पुलिसकर्मी को लेकर दस नवंबर को हरियाणा के लिए रवाना हुए। मनोज की टीम ने वहां कई संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

केंद्रीय मंत्री ने रोहतास में पंडुका पुल निर्माण का किया शिलान्यास, वहीं बक्सर में 2 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया लोकार्पण

# वाराणसी-कोलकाता कोरीडोर का निर्माण सितंबर से होगा : गडकरी

**दर्द :** झारखंड और बिहार में फॉरेस्ट क्लीयरेंस नहीं होने से होती है दिक्कत

**पहल:** गडकरी ने कहा- हम बिहार में 15 पुलों का कर रहे हैं निर्माण

**सौगात:** 9,000 करोड़ की लागत से 60 बाईपास का हो रहा है निर्माण

**वादा:** जल्द ही बिहार की सड़कें अमेरिका से भी बेहतर नजर आएंगी



रोहतास के नौहट्टा में आयोजित समारोह में पंडुका पुल निर्माण का शिलान्यास करते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व अन्य।



बक्सर में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण करते केंद्रीय मंत्री।

- तेजस्वी से बोले- आप योजनाएं लेकर आएं, सभी पूरी की जाएंगी
- एथेनाल को ईंधन के रूप में बढ़ावा देने के लिए भी गडकरी ने तेजस्वी यादव से आगे आने की अपील कीं
- पेट्रोल और डीजल को देश से हटाना मेरा सपना है: गडकरी

**केटी न्यूज/नौहट्टा–बक्सर**

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सोमवार को बिहार के दो जिलों में आयोजित शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। बिहार दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री सबसे पहले रोहतास जिले के नौहट्टा में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, सांसद छेदी पासवान व अन्य नेताओं के साथ मंच साझा किया। इस दौरान उन्होंने नौहट्टा प्रखंड क्षेत्र के पंडुका पुल निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद बटन दबाकर नितिन गडकरी ने पुल का शिलान्यास किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम वाराणसी-कोलकाता कोरीडोर बना रहे हैं। इस 620 किलोमीटर की सड़क पर लोग 5-6 घंटे में वाराणसी से कोलकाता पहुंच जाएंगे। कोलकाता वाराणसी ग्रीन फील्ड सड़क निर्माण सितंबर तक प्रारंभ हो जाएगा। यह 19 मिक्स कॉरिडोर बिहार के अधिक क्षेत्र से होकर जाएगा। झारखंड और बिहार में फॉरेस्ट क्लीयरेंस नहीं होने कारण दिक्कत होती है। हम 15 पुलों का निर्माण बिहार में कर रहे हैं। 9,000 करोड़ की लागत से 60 बाईपास का निर्माण हो रहा है। जल्द ही बिहार की सड़कें अमेरिका से बेहतर होंगी। उन्होंने तेजस्वी को कहा कि आप योजनाएं लेकर आएं, सभी को पूरी की जायेंगी। एथेनाल को ईंधन के रूप में बढ़ावा देने के लिए भी गडकरी ने तेजस्वी यादव से आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैं किसान हूं। तीन चीनी मिल मेरे पास है। हमने उसमें 15 हजार लोगों को रोजगार दिया है। मेरा सपना है, पेट्रोल डीजल को देश से हटा दें। चावल की भूसी से इथेनाल तैयार हो रहा है। इससे गाड़ियां चलती हैं। मैं इसलिए कह रहा हूं कि किसान अन्नदाता ही नहीं अब आत्मनिर्भर भी बनेंगे।

## गडकरी बोले... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र कटिबद्ध

रोहतास में आयोजित समारोह के बाद केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी बक्सर पहुंचे। यहां उन्होंने 3,390 करोड़ रुपए की लागत वाली 2 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास को गति देते हुए बक्सर में 3,390 करोड़ रुपए की लागत वाली 2 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण किया जा रहा है। बक्सर आरा 92 किलोमीटर के फोर लेन सड़क का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इसके साथ ही बक्सर गंगा नदी पर दो ब्रिज के साथ एक और चार लाइन के ब्रिज का शिलान्यास किया। वहीं बक्सर मोहनिया 70 किलोमीटर को जोड़ने वाले एसएच 14 को चार लाइन सड़क का तोहफा दिया। उन्होंने बताया कि चार लेन पुल निर्माण को लेकर दिसम्बर तक डीपीआर तैयार हो जाएगा। इसके साथ ही बक्सर बलिया पूर्वांचल एक्स्प्रेसवे का भी जल्द डीपीआर बनेगा। वही बक्सर से मोहनिया तक चार लाइन सड़क निर्माण में 1060 करोड़ खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि गंगा पुल के निर्माण से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन सुविधाजनक होगा। 37 अंडरपास से पैदल यात्रियों और वाहनों की आवाजाही आसान होगी। 5 बड़े पुल और 13 लघु पुलों से हल्के एवं भारी वाहनों का परिवहन सुगम होगा। गडकरी ने बक्सर–कोइलवर के बीच दो एनएच का उद्घाटन किया। नितिन गडकरी ने कहा कि अश्विनी चौबे जी ने जो बक्सर के लिए मांग की उसे पूरा किया। आने वाले दिनों में बक्सर व आसपास कनेक्टिविटी बहुत ही बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने इन परियोजनाओं को बिहार के विकास में मील का पत्थर बताया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे, बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## नितिन गडकरी पार्टी नहीं, बल्कि विकास के लिए काम करते हैं : तेजस्वी

कार्यक्रम में उपस्थित उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता नितिन गडकरी की खुलकर तारीफ की। तेजस्वी ने कहा कि नितिन गडकरी जैसे मंत्री केंद्र सरकार में और भी होने चाहिए, ताकि और विभागों में भी काम ना रुके। नितिन गडकरी पार्टी नहीं, बल्कि विकास के लिए काम करते हैं। नितिन गडकरी एक प्रोग्रेसिव और पॉजिटिव मंत्री हैं। तेजस्वी बिहार के रोहतास में एनएच परियोजना के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। तेजस्वी यादव ने आगे कहा– नितिन गडकरी विकास के मामले में पार्टी नहीं देखते हैं, बल्कि लोगों को देखते हैं। देश को देखते हैं। राज्यों को देखते हैं कि हमारा राज्य और देश कैसे बढे.। हमारा उनके साथ काफी अच्छा अनुभव रहा है। बेशक पहली बार हम 18 महीने के लिए ही उपमुख्यमंत्री बने हों। हमेशा नितिन गडकरी का सहयोग मिलता रहा। किसी भी काम के लिए इनके पास गए तो इन्होंने तुरंत उस काम को किया। हम तो कहेंगे– हम तो युवा हैं, छोटे हैं, हमें लालसा है काम करने की। शिलान्यास समारोह में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय जायसवाल समेत अन्य नेता उपस्थित रहे।

## कोइलवर–बक्सर एनएच का निर्माण मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट था : अश्विनी चौबे

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि कोइलवर–बक्सर एनएच का निर्माण मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट था। इसके लिए मैं लगातार सक्रिय रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करता हूं। कहा कि बक्सर से चौसा के बीच अब फोर लेन सड़क बनेगी। इसके जरिए पटना–आरा–बक्सर फोरलेन हाइवे को सीधे जीटी रोड से कनेक्टिविटी मिलेगी। पटना से भोजपुर (आरा) जिले के कोईलवर के बीच फोरलेन एलिवेटेड रोड को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है, जबकि कोईलवर से बक्सर के बीच फोरलेन हाइवे का काम अंतिम चरण में है। चौसा (बक्सर) से कैमूर जिले के मोहनिया के बीच फोर लेन हाइवे को भी मंजूरी मिल चुकी है। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में 618 करोड़ रुपए की लागत से 17 किमी लंबाई के ग्रीनफील्ड 4–लेन बक्सर लिंक की स्वीकृति प्रदान की गई है। जो उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनाए गए पूर्वांचल एक्स्प्रेस–वे को लखनऊ से बिहार तक जोड़ेगा। जल्द ही इस प्रोजेक्ट का काम शुरू होगा, जिसकी समय अवधि 2 वर्ष रखी गई है। NH–31 के गाजीपुर – बलिया – मांझी घाट और बक्सर लिंक को चार पैकेज में ग्रीनफील्ड 4–लेन बनाया जा रहा है।

# डुमरांव में दिनदहाड़े राजद नेता के भाई की गोली मारकर हत्या

## जमीन के लेन-देन के विवाद में मिल रही थीं धमकियां

- प्रॉपर्टी डिलिंग का करता था काम, पुलिस की कार्यशैली पर परिजनों में आक्रोश

**केटी न्यूज/ डुमरांव**

बिहार में अपराधी एक बार फिर से बेलगाम होते जा रहे हैं। एक-के-बाद एक हत्या की घटना से जहां आरा शहर थर्रा रहा है। वहीं अब इसकी आंच बक्सर जिले के डुमरांव तक पहुंच गई है। ताजा मामला सोमवार का है। यहां दिनदहाड़े राजद के एक वरिष्ठ नेता के भाई व प्रॉपर्टी डीलर की गोली मार हत्या कर दी गई। घटना सोमवार दोपहर 12.30 बजे भोजपुर राजवाहा मार्ग पर टेढ़की पुल से करीब 500 मीटर दक्षिण की है। मृतक अभय कुमार सिंह उर्फ राहुल सिंह (50 वर्ष) स्थानीय थाना क्षेत्र के कुल्हवा के रासबिहारी यादव का पुत्र व राजद के वरिष्ठ नेता अखिलेश सिंह यादव का चचेरा भाई है। कुछ वर्षों से वह डुमरांव के साफाखाना रोड में मकान बना अपने परिवार के साथ रहते थे। परिवार में पत्नी रीना देवी, पुत्र रोहित-मोहित व पुत्री प्रियंका व मोनिका हैं। इनमें पुत्री प्रियंका की शादी हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार वह जमीन की खरीद फरोख्त के व्यवसाय से जुड़े थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर घटना की पड़ताल में जुट गई। इधर, मृतक के परिजनों ने स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जमीन के लेन-देन के विवाद में उन्हें पिछले कुछ समय से लगातार धमकियां मिल रही थीं। दो दिन पहले वह अपनी जान माल की सुरक्षा का गुहार लगाने डुमरांव थाना में गए थे। लेकिन पुलिस ने उनका आवेदन तक नहीं लिया। वहीं सोमवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े उसे गोली मार दिया। घटनास्थल से पुलिस ने एक देशी कट्टा व एक खोखा के साथ ही मृतक की अपाची बाइक व मोबाईल फोन बरामद किया है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था।

संबंधित खबर पढें पेज 3 पर

# बिहार के चर्चित लोकगायक ब्रज किशोर दुबे की हत्या

- ब्रज किशोर दुबे का गमछी से बंधा था पैर, पानी भरे बाल्टी में डूबा था सिर
- डीएसपी बोले- कमरे से मिला है सुसाइडल नोट, लिखा- मैं खुद से आत्महत्या कर रहा हूं...

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के चर्चित लोक गायक व संगीतकार ब्रज किशोर दुबे की हत्या कर दी गई है। उनका शव उनके शिष्य रवींद्र कुमार मिश्रा के किराये के फ्लैट में बाथरूम में पड़ा मिला है। ब्रज किशोर का पैर तीन से चार गमछी से कुर्सी में बंधा हुआ था और सिर पानी भरे बाल्टी में डूबा था। घटना पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के केसरी नगर स्थित अजंता कॉलोनी की है। वहां ब्रज किशोर शिष्य रवींद्र कुमार मिश्रा के किराये के मकान में संगीताश्रम चलाते थे, जिसमें वे गायन, वादन, नृत्य, पेंटिंग व कराटे का प्रशिक्षण देते थे। उनके साथ खुद ब्रज किशोर दुबे भी प्रशिक्षण देते थे। मिली जानकारी के अनुसार ब्रज किशोर अपनी पत्नी, बेटी, बेटा के साथ दीघा के पोल्सन रोड स्थित एलएच मेंसन अपार्टमेंट के पहले तल्ले के फ्लैट में रहते थे। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। फोरेंसिक टीम को भी जांच के लिए घटनास्थल पर बुलाया गया है।

संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता ब्रज किशोर राजीव नगर थाना क्षेत्र के घुड़दौड़ रोड के निवासी थे। वह रोहतास के मंगरबलिया गांव के रहने वाले थे। बृज किशोर दुबे बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। उनकी हत्या की खबर सुनकर हर कोई स्तब्ध है। बृज किशोर दुबे का शव जिस हालत में मिला है उससे आशंका जताई जा रही है कि उनकी हत्या की गई है। घटना के बाद मृतक बृज किशोर दुबे के परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में इलाके के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौत के सभी बिंदुओं पर अपनी तफ्तीश शुरू कर दी है। परिवार वालों ने सरकार से सीबीआइ जांच कराने की मांग की है। डीएसपी लॉ इन ऑर्डर संजय सिंह ने बताया कि उनके कमरे में सुसाइडल नोट मिला है, जिसमें लिखा हुआ है कि मेरी मौत में रवींद्र कुमार मिश्रा का कोई हाथ नहीं है, मैं खुद से आत्महत्या कर रहा हूं...

## एसके मेमोरियल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में 1006 नए अभ्यर्थियों को प्रदान किया गया नियुक्ति पत्र

# बिहार गरीब राज्य, बावजूद इसके यहां के लोगों की आमदनी बढ़ी है: सीएम

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जल संसाधन विभाग में नियुक्ति के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। सोमवार शाम पटना के एसके मेमोरियल हॉल में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नियुक्ति के लिए चयनित 489 निम्नवर्गीय लिपिक और 485 कनीय लेखा लिपिक को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसके अलावा बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा अनुशंसित 32 कनीय अभियंताओं को भी जल संसाधन विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। इस प्रकार कुल 1006 नए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। पूरी प्रक्रिया 18 अक्टूबर 2022 को ही पूरी कर ली गई थीं। अब इन्हें मुख्य अभियंता प्रक्षेत्र के अधीन विभिन्न कार्यालयों में 24 घंटे के अंदर पदस्थापित कर दिया जाएगा। जल संसाधन तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री संजय कुमार झा ने बताया कि नव नियुक्त कर्मियों की राज्य के सभी 19 मुख्य अभियंता प्रक्षेत्रों में सेवा आवंटन की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संसाधन विभाग में रिक्त पदों पर बहाली में काफी देरी हो रही थी, हमने कहा कि नियुक्ति की प्रक्रिया में तेजी लाकर इस काम को पूरा करें ताकि मामला पेंडिंग न रहे। आज यहां 489 नवनियुक्त निम्नवर्गीय लिपिक, 485 नवनियुक्त कनीय लेखा लिपिक एवं 32 कनीय अभियंताओं सहित कुल 1,006 लोगों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है। इन सभी लोगों की कल तक पोस्टिंग कर दीजिये ताकि ये सभी लोग निर्धारित किये गये अपने स्थान पर जाकर काम करना शुरू कर दें।



### बच्चों को पढ़ाने में लापरवाही करने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई: सीएम

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 84 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिएसमुचित कार्रवाई का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी स्कूलों में समय से नहीं आने और नहीं पढ़ाने वाले शिक्षकों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होनें कहा है कि स्कूलों में पूरे समय तक उपस्थित नहीं रहने और बच्चों को पढ़ाने में लापरवाही करने वाले शिक्षकों पर अब कठोर कार्रवाई की जाएगी। जनता दरबार में इसकी शिकायत पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को इससे संबंधित आवश्यक निर्देश दिया। सीएम के पास एक फरियादी स्कूलों में पढ़ाई नहीं कराने और समय से पहले बच्चों की छुट्टी कर देने की शिकायत लेकर पहुंचा। फरियादी से मिली शिकायत पर नीतीश कुमार गंभीर हो गए। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को फोन लगा लगाने का निर्देश दिया। चीफ सेक्रेटरी को आवश्यक निर्देश देने के बाद सीएम ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी फोन लगाया।

**चौर क्षेत्र के विकास के लिए हमलोग कर रहे हैं काम:** मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार गरीब राज्य है। हमलोग लगातार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग करते रहे हैं। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाता तो स्थिति काफी बेहतर होती। बावजूद इसके बिहार में लोगों की आमदनी बढ़ी है, उनके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। उन्होंने कहा कि बिहार में कई जगहों पर चौर क्षेत्र हैं। यदि चौर क्षेत्र के एक हिस्से में गड्ढा खोदकर मछली पालन और मखाना उत्पादन के साथ-साथ मिट्टी वाले भाग में औषधीय पौधों की खेती की जाए तो इससे लोगों की आर्थिक स्थिति काफी मजबूत होगी।

## एक नजर

### दो शराबी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के कड़सर गांव में शराब के नशे में हंगामा करते दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार शराबियों में कड़सर गांव निवासी छोटा राम एवं गुप्तानंद महतो है। इसकी पुष्टि करते हुए सोनवर्षा ओपी थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि शनिवार की देर शाम ग्रामीणों ने सूचना दिया कि दो शराबी नशे की हालत में हंगामा मचा रहे हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष ने गश्ती दल को कड़सर गांव भेजा। जहां हंगामा करते दोनों शराबियों को गिरफ्तार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नावानगर में मेडिकल जांच कराया गया। मेडिकल जांच में अल्कोहल की पुष्टि होने पर दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

### 21-22 नवंबर को लगेगा कृषि यांत्रिकरण मेला

**बक्सर।** कृषि विभाग द्वारा 21 व 22 नवंबर को दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला का आयोजन किया गया है। सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण ने बताया कि बाजार समिति प्रांगण में दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें कंबाईन हार्वेस्टर के ब्रिकेताओं द्वारा प्रमुखता से एसएमएस (स्ट्रा मैनेजेमेंट सिस्टम) संचालन का लाईव डेमो दिखाया जायेगा। जिससे जिले के किसान एसएमएस के महत्व से अवगत हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस कृषि यांत्रिकीकरण मेला में किसानों को विभिन्न तरह के कृषि उपकण अनुदान पर दिए जाएंगे। विभागीय कर्मियों द्वारा इसका प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

### जमौली से श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**राजपुर।** सोमवार को देवढ़िया पंचायत के जमौली गांव से अहिरौली में आयोजित हुए सनातन संस्कृति समागम में शामिल होने के लिए सैकड़ों महिला-पुरुषों का जत्था रवाना हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव द्वारा अपने निजी खर्चे वाहन की व्यवस्था की गई है। जिसके तहत जमाली सहित पंचायत के अन्य गांव से यज्ञ देखने वाले महिला पुरुष श्रद्धालु सोमवार के दिन रवाना हुए। ज्ञात हो कि बक्सर के अहिरौली में चल रहे संत समागम और यज्ञ में देश सहित विदेश के लोग भी शामिल हो रहे है। जहां रात्रि प्रहर कई चर्चित कलाकार व गायक भी मंच साझा कर दर्शकों का मनोरंजन कराने के साथ ही उन्हें राम भक्ति का रसपान करा रहे है।


नारदेश्वर नाथ मंदिर में पूजा करती महिलाएं


नारद सरोवर के पास विश्राम करती महिलाएं


मेले में सजी दुकान व खरीदारी करती महिलाएं

# नदांव पहुंचा पंचकोशी परिक्रमा का जत्था, श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान कर नारदेश्वर नाथ का किया पूजन

- परम पूज्य श्रीजीयर स्वामी जी महाराज के शामिल होने से श्रद्धालुओं में था जबर्दस्त उत्साह
- परंपरागत तरीके से नारद सरोवर का परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



**केटी न्यूज/बक्सर**

चर्चित पंचकोशी परिक्रमा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं का जत्था सोमवार को नारद मुनी के आश्रम नदांव पहुंचा। जहां जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं नारद मुनि द्वारा स्थापित सरोवर में स्नान व नारदेश्वर नाथ मंदिर में पूजन अर्चन कर नारद सरोवर का परिक्रमा किया गया। दूसरे दिन के आकर्षण का केन्द्र परम पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज का पंचकोशी यात्रा में शामिल होना रहा। वे नदांव पहुंच नागेश्वरनाथ शिव मंदिर की पूजा अर्चना किए। इस दौरान उनके दर्शन के लिए पंचकोशी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जत्था व ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा था। सभी पूज्य स्वामी जी की एक झलक पाने को बेताब दिखे। इसके पहले प्रथम पड़ाव अहिरौली से अहले सुबह पंचकोशी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जत्था करतल ध्वनियों व जयकारें के साथ नारद मुनी के तपोस्थली नदांव के लिए प्रस्थान किया था। पूजा अर्चना के बाद परंपरागत तरीके से खिचड़ी के प्रसाद के साथ ही कढ़ी, बरी, पकौड़ी आदि व्यंजन श्रद्धालुओं को खिलाया गया। श्रद्धालुओं को नारद मुनी से जुड़ी कथाओं को बड़े ही मार्मिक ढंग से बताया गया। इस पड़ाव के महत्व को बताते हुए डॉ. रामनाथ ओझा ने बताया कि नारद सरोवर में स्नान से मन की चंचलता से दूर होती है तथा शांति मिलती है। मान्यता है कि नारद मुनी को इसी तालाब में स्नान के बाद चंचलता से मुक्ति मिली थी।

### मेले में श्रद्धालुओं ने उठाया लुफ्त

पंचकोशी परिक्रमा के दौरान नदांव में परंपरागत तौर पर मेल का आयोजन किया गया था। जिसमें कई तरह की दुकानें सजी थी। जत्थें में शामिल लोगों के साथ ही स्थानीय ग्रामीण भी इस मेले में जमकर लुफ्त उठाते नजर आए। मेले में जहां महिलाओं के बीच सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर सामान खरीदने की होड़ थी वही बच्चों द्वारा मेले में झूला, चरखी, समेत विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के सामानों का उपयोग किया जा रहा था। बच्चें चरखी पर चढ़ने को बेताब दिख रहे थे। मेले में सर्वाधिक भीड़ बच्चों व महिलाओं की ही थी। बताया जाता है कि इस मेले में बक्सर के कोने कोने के साथ ही पड़ोसी जिलों के दुकानदार भी अपनी दुकानें सजाए थे। दूर दराज के दुकानदार एक दिन पहले ही नदांव पहुंच गए थे। मेला का आयोजन होने से ग्रामीणों की खुशी बढ़ गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि प्रत्येक साल पंचकोसी यात्रा के दौरान मेले का आयोजन किया जाता है। जो ग्रामीण महिलाओं व बच्चों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहता है। इस बार भी यह उत्साह देखने को मिला।

### नारद मुनी को मिली थी श्राप से मुक्ति

वैसे तो बक्सर के पंचकोशी को लेकर कई मान्यताएं हैं। लेकिन, मान्यताओं के अनुसार एक बार विश्व मोहिनी के जयमाल में शामिल होने के लिए तपस्वी नारद मुनी भी अपनी तपस्या को भूल शामिल होने की इच्छा से नारायण की तपस्या करने लगे। जिससे प्रसन्न होकार नारायण ने नारद मुनी को दर्शन दिए। लेकिन तपस्या की रक्षा के लिए ऐसा वरदान दिया, जो उनके लिए अभिषाप बन गया था। वरदान मे नारद मुनी ने श्रीहरि से कपी मुख का वरदान मांगा, जिसके के बाद उनका चेहरा बंदर का हो गया था। इससे उनका मन काफी उद्विग्न हो गया था। तब वे नदांव में आकर इसी सरोवर के पास घनघोर तपस्या किए थे। जिसके बाद उन्हें बंदर जैसे चेहरे से मुक्ति मिली थी। त्रेता युग में ताड़का वध के बाद भगवान श्रीराम भी यहा आए थे। जिसके बाद से पंचकोशी परिक्रमा में नदांव भी शामिल हो गया था। आज भी यह परंपरा मनाई जाती है। मान्यता है कि यहा नारद सरोवर में स्नान करने तथा नागेश्वरनाथ की पूजा अर्चना से मन को शांति मिलती है।

### मेडिकल कैंप में मुफ्त मिल रही थी दवा

वहीं, जिला प्रशासन के निर्देश पर सदर प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा मंदिर के बाहर एक मेडिकल कैंप का आयोजन भी किया गया था। जिसमें श्रद्धालुओं व ग्रामीणों का मुफ्त चिकित्सकीय परीक्षण के अलावे उन्हें दवा का वितरण किया जा रहा था। बड़ी संख्या में लोगों ने इस मेडिकल कैंप में अपना जांच करा का दवाएं भी ली।

### आज भभुअर पहुंचेगा जत्था

पंचकोशी यात्रा के तीसरे दिन के पड़ाव के तहत श्रद्धालुओं का जत्था सदर प्रखंड स्थित ऋषि भार्गव के आश्रम, भभुअर पहुंचेगा। जहां परंपरागत तरीके से पूजा अर्चना के बाद प्रसाद के स्वरूप मे श्रद्धालु दही चूड़ा का प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजक समिति के द्वारा भभुअर पड़ाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। जहां से श्रद्धालुओं का जत्था बुधवार को उदालक ऋषि के आश्रम उनवास पहुंचेगा।

## डुमरांव नगर में तेजी से फैल रहा डेंगू नप व अस्पताल जिम्मेदार : प्रदीप

- पचास से अधिक लोग विमार दो की हो चुकी है मौत
- शहर के चारों तरफ है जलजमाव

**केटी न्यूज/डुमरांव**

समाजिक मंच के संयोजक प्रदीप शरण ने सोमवार को शहर में डेंगू से हो रही मौत को चिंता जाहिर की। इसके लिए उन्होंने प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा है कि डुमरांव नगर में दो लोगों की मौत डेंगू से हो चुकी है। जबकि शहर के 50 से अधिक लोग डेंगू रोग के चपेट में हैं। इसके लिए नगर परिषद तथा अनुमंडल अस्पताल को जिम्मेदार है। उन्होंने कहा है कि शहर में व्याप्त जलजमाव डेंगू मच्छर फैलने का प्रमुख वजह है।

नगर के छठिया पोखरा निवासी भरत गुप्ता की मौत डेंगू जैसे लक्षण से हो गई है। इससे पूर्व अजय कुमार की मौत भी इन्हीं लक्षणों से हुई थी। मंच ने इस गंभीर मामले पर शहर में जन जागरण अभियान चलाने तथा इसके लिए बहुत जल्द बड़ा आंदोलन खड़ा करने की चेतावनी नगर परिषद को दी है। मंच का कहना है कि नगर परिषद एक तरफ शहर में जगह-जगह बोर्ड लगाकर लोगों को जागरूक कर रहा है कि गमला कूलर पुराने टायर व अन्य जगहों पर बहुत समय तक पानी का जमाव नहीं रहने दे। जबकि शहर में दो दर्जन जगहों पर लंबे समय से जल जमाव की समस्या है। उनका कहना है कि सेंट्रल नाला में पानी का बहाव नहीं होने से जलजमाव है जबकि इसके आखिरी छोर काव नदी सफाखाना रोड में जलजमाव प्रखंड कार्यालय के पीछे कृषि कॉलेज के सामने उद्यान खिरौली काली मंदिर टेक्सटाइल कॉलोनी चाणक्य कॉलोनी कृषि कॉलेज के पास आदि ऐसी जगह है जहां सालों भर जलजमाव की समस्या रहता है। नगर परिषद के गलत नीति के चलते पूरा शहर जलजमाव तथा डेंगू वाले मच्छर के चपेट में है। नगर का ठठेरी बाजार के प्रत्येक घर में डेंगू के मरीज हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि छठिया पोखरा निवासी भरत गुप्ता दो दिन पहले डुमरांव के ही एक निजी अस्पताल में इलाज कराने गया था। जहा उसमें डेंगू के लक्षण देख डाक्टर ने उसे अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया था। उसकी हालत बिगड़ने लगी तो उसे पटना रेफर कर दिया गया था। उसके भाई राजकुमार गुप्ता ने बताया कि डेंगू की पुष्टि होने तथा रेफर होने के बाद पटना पीएमसीएच में उसे भर्ती कराया गया। वहा भी समुचित इलाज नहीं मिल रहा था तथा उसकी हालत लगातार बिगड़ रही थी।

## हमारा देश श्रीराम और कृष्ण से मिले संस्कारों के मूल्यधिष्ठित जीवन पद्धति से बना है : गडकरी

**केटी न्यूज/बक्सर**



सनातन संस्कृति समागम के आठवें दिन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं केरल के महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पूज्य संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने आयोजन में पहुंचे। जहां माननीय मंत्री अश्विनी चौबे जी ने उनका स्वागत अभिनदंन किया और स्मृति चिह्न भेंट की। समागम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि भारत की भूमि संतो की भूमि है। भारत को मयार्दापुरुषोत्तम राम के रुप में एक जीवन दर्शन मिला। जिनसे हमें विचार मिला कि आदर्श पुरुष कैसा होना चाहिए, आदर्श पुत्र कैसा होना चाहिए, आदर्श राजा कैसा होना चाहिए। हमारे पूरे जीवन को रामायण ने मार्गदर्शन दिया है।

रामायण में से हमें शिक्षा मिलती है आदर्शमय जीवन कैसे जीना चाहिए। पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का बड़ा सम्मान है। राम, कृष्ण, बुद्ध, रामायण और भागवतगीता से विश्व में चेतना जगी है। उन्होंने बताया कि शिकागो सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद जी ने कहा कि मैं यह नही कहता कि मेरा धर्म श्रेष्ठ है। हम किसी भी भगवान को नमस्कार करें वह हमारे आराध्य को मिल जाता है। जैसे आसमान का पानी किसी भी नदी में गिरे अंत में वह नदी समुद्र में जाकर मिल जाती है। हमारा देश श्रीराम और कृष्ण से मिले संस्कारों के मूल्यधिष्ठित जीवन पद्धति से बना है। यह मूल्य हमें राम और रामायण से मिला है। यह मूल्य और यह संस्कार हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। मूल्यधिष्ठित जीवन पद्धति का हम बार-बार चिंतन करते हैं।

## सिमरी बाजार में शौचालय न होने से महिलाओं की फजीहत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल के सिमरी बाजार में आने वाले लोगों को शौचालय की कमी अखर रही है। वजह स्वच्छता अभियान को लेकर घर-घर में शौचालय बनवाने की मुहिम जोर शोर से चल रही है।

सब कुछ जानते हुए भी इस ओर प्रशासन के स्तर से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। सिमरी बाजार में हर रोज दू-दूराज के गांवों का आना जाना होता है, लेकिन बाजार में एक भी शौचालय नहीं बनवाया गया है। सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से लोगों को खुले में शौच करना मजबूरी है। बाजार में शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से सबसे ज्यादा परेशानी महिला राहगीरों व ग्राहकों को होती है। महिलाओं को यदि शौच कि स्थिति महसूस होती है, तो उन्हें काफी दूरी तय करने के बाद बाजार से बाहर जाना पड़ता है या फिर किसी परिचित दुकानदार के घर। जबकि क्षेत्र का महत्वपूर्ण बाजार होने के कारण इस बाजार में प्रत्येक दिन क्षेत्रीय महिलाओं की काफी भीड़ लगी रहती है। सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के बारे में किराना व्यवसायी कामेश्वर साह का कहना है कि बाजार में सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामन करना पड़ता है।

## छोटी खबरें

### बाल दिवस के अवसर पर मध्य विद्यालय कोरान सराय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




**डुमरांव।** सोमवार को मध्य विद्यालय कोरान सराय में बाल दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा बच्चों को उपहार स्वरूप चाकलेट, कलम, कॉपी आदि का वितरण करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। उक्त कार्यक्रम में सभी शिक्षक तथा छात्र-छात्राओं ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पाजंलि अर्पित की। साथ ही, अपने संबोधन में पंडित जी के जीवन की उपलब्धियों और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें जीवन में अपनाने और आगे बढ़ने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा भी देशभक्ति गीत, बाल कविताओं और भाषण की बेहतरीन प्रस्तुति की गई। विद्यालय की शिक्षिका दिव्या पांडेय ने अपनी मधुर आवाज में सरस्वती वंदना सुनाकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अजय प्रसाद ने किया। मौके पर प्रधानाध्यापक छोटे लाल गोंड, धीरज पान्डेय, दया शंकर तिवारी, विनय श्रीवास्तव, शशिकांत, ओम प्रकाश, वीणा राय, कुसुम कुमारी, सपना कुमारी, सविता कुमारी, प्रियांशु, कुमुद कुमारी, पूनम कुमारी, आदि सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

### बाल दिवस पर विद्यालयों में रंगारंग कार्यक्रम के साथ खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**नावानगर।** बाल दिवस पर सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के सरकारी एवं गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को उनके जन्म दिवस पर याद किया गया। साथ ही बच्चों के अधिकार एवं अभिभावक तथा समाज के लोगों का बच्चों के प्रति कर्तव्य की विस्तार पर चर्चा की गई। इस अवसर पर समाज सेवियों ने बच्चों के बीच मिठाइयां व अन्य सामग्री का वितरण किया। वहीं कई विद्यालयों में रंगारंग कार्यक्रम व खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालयों के शिक्षकों ने भी बच्चों को प्रथम प्रधानमंत्री के जीवन व कार्यों की जानकारी दी। साथ ही उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर बल दिया। बाल दिवस पर महादेवगंज के एनबीएस इंटरनेशनल स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता कराया गया। प्रतियोगिता में दो भाग पवन हाउस एवं अग्नि हाउस के बीच जलेबी दौड़, कबड्डी समेत अन्य खेल प्रतियोगिता की गई। जिसमें पवन हाउस अव्वल रहे। विजेता हाउस को विद्यालय के डायरेक्टर ने पुरस्कृत किया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

### सुविधाओं की कमी से बदहाल है टुड़ीगंज स्टेशन

**डुमरांव।** अनुमंडल का टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन यात्री सुविधाओं के अभाव में बदहाल हो गया है। सुविधाओं के अभाव में यात्री अब प्लेटफॉर्म पर बैठ ट्रेन का इंतजार करने के बजाय आस पास की दुकानों में बैठ ट्रेन आने का इंतजार करते है। बताया जाता है कि स्टेशन पर यात्री शेड के अभाव के साथ ही पेयजल, शौचालय जैसी मूलभूत समस्याएं गंभीर हो गई है। जिस कारण सभी मौसम में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यही कारण है कि यात्री स्टेशन पर बैठ मौसम की मार सहने के बजाय आस पास के दुकानों पर बैठना मुनासिब समझते हैं। हालांकि, इस प्रयास में कई बार उनकी ट्रेन भी छूट जाती है। बावजूद स्टेशन पर सुविधाओं के अभाव में उनके पास दूसरा विकल्प भी नहीं है। बता दें कि इस स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की कमी कोई नई बात नहीं है।

# पराली जलाने वाले किसानों पर सीआरपीसी की धारा 133 के तहत होगी कार्रवाई

- प्रभारी डीएम ने हार्वेस्टर मालिकों के साथ बैठक कर दी चेतावनी

**केटी न्यूज/ बक्सर**


हार्वेस्टर मालिकों के साथ बैठक करते प्रभारी डीएम

खेतों में पराली जलाने से बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण के खतरें तथा लगातार घट रही मिट्टी की उर्वरा शक्ति से प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। प्रशासन द्वारा हर साल धान व गेहूं की कटाई के बाद पराली नहीं जलाने की नसीहत दी जाती है। लेकिन किसानों पर इसका असर नहीं पड़ता है। लेकिन इस बार प्रशासन पराली जलाने से रोकने के लिए काफी सख्त हो गया है। सोमवार को प्रभारी डीएम ने समाहरणालय स्थित सभागार में पराली प्रबंधन पर तैयारी हेतु हार्वेस्टर मालिकों के साथ बैठक की। हार्वेस्टर मालिकों को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि खेतों में पराली जलाने से उर्वरा शक्ति के ह्रास के साथ मानव जीवन पर अत्यधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने हार्वेस्टर मालिकों को चेतावनी के साथ कहा कि कोई भी हार्वेस्टर मालिक बिना परमीट एवं एसएमएस के हार्वेस्टर संचालित करते हुए पकड़े जायेंगे, तो उन पर कार्रवाई होना तय है। उन्होंने हार्वेस्टर मालिक से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में किसानों के बीच पराली से जलने वाले नुकशान का प्रचार-प्रसार कर किसी भी हालत में पराली नहीं जलाने देंगे। उन्होंने कृषि समन्वयक तथा किसान सलाहकारों को निर्देश दिया कि जिस क्षेत्र में पराली जलाने की घटना उजागर होगी, उस क्षेत्र के कृषि समन्वयक व किसान सलाहकार पर आरोप गठित कर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

### बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के हार्वेस्टर होगी सीज

विभाग द्वारा फसल अवशेष जलाने पर पाबंदी लगा दी गई है। बिना स्ट्रा मैनेजेमेंट सिस्टम (एसएमएस) वाले कंबाईन हार्वेस्टर से धान की फसल कटती मिली, तो इसे सीज कर दिया जायेगा। ऐसे में एसएमएस के बारे में जानकारी होनी जरुरी है। इस यंत्र के माध्यम से फसलों की कटाई करने पर फसल अवशेष इकट्ठा होते रहते हैं। यह यंत्र फसलों को छोटे-छोटे टुकड़े में काटता है। जिससे किसान इसे जलाए बिना अगली फसल की बुआई कर सकता है। इसके विपरित बिना एसएमएस के हार्वेस्टर से कटाई करने पर फसल अवशेष को बाहर खेत में ही फेती चलती है। इससे किसान उन्हें इकट्ठा करने के बजाय खेतों में आग लगा देते हैं।

### पराली जलाने से नुकसान

जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने पराली जलाने से होने वाले नुकसान पर कहा कि मानव जीवन में सांस लेने की समस्या, आंखो में जलन, गले की समस्या प्रमुख है। साथ ही मृदा में कार्बनिक पदार्थ की क्षति, जमीन में पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणुओं का सफाया, मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी प्रमुख है। उक्त नुकसान की भारपाई कभी नहीं की जा सकती। इस परिस्थिति में किसान किसी भी कीमत पर पराली नहीं जलाने का संकल्प लें। बैठक में सभी हार्वेस्टर मालिक एवं विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

○ मौका-ए-वारदात से मिला देसी कट्टा और खाली खोखा ○ आक्रोशित परिजनों ने थानेदार पर लगाया अनदेखी का आरोप

# पत्नी की चित्कार... आई हो दादा, पइसा खातिर मार देहलसन



खून से लथपथ बाइक को देखने जुटे लोग व इनसेट में मृतक का फाइल फोटो



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस



थाने में उमड़ी आक्रोशित लोगों की भीड़

○ पोस्टमार्टम रिपोर्ट के इंतजार में पुलिस, चार पर प्राथमिकी दर्ज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सोमवार को जमीन की खरीद फरोख्त करने वाले अभय कुमार सिंह उर्फ राहुल की मौत की गुत्थी अनसुलझी पहेली बनते जा रही है। दिनदहाड़े बीच सड़क पर गोली लगने से राहुल की हुई मौत ने एक साथ कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस जगह पर हत्या हुई है वह टेढ़की पुल से कोरान सराय को जाने वाला नहर मार्ग है।

घटनास्थल से घटना में प्रयुक्त देशी पिस्तौल का बरामद होना तथा मृतक का बाइक मोबाइल व सारा सामान सुरक्षित होना इस बात की ओर संकेत करने लगा है कि मामला आत्महत्या का भी हो सकता है। इस घटना के बाद इस बात की चर्चा अत्यधिक है कि राहुल सिंह कई लोगों से उधार का



थानाध्यक्ष से वार्ता करते राजद नेता व अन्य

पैसा ले रखे थे। अमूमन यह माना जाता है कि पैसा देने वाला हत्या जैसी घटना को अंजाम नहीं देगा। क्योंकि राहुल की मौत के साथ ही पैसा देने वालों का पैसा भी मर गया है। हालांकि, पुलिसिया सूत्रों की माने, तो हत्या की वजह पैसा के लेनदेन से अलग कुछ और भी हो सकती है।

यह माना जा रहा है कि किसी कर्जदाता के दबाव में आकर राहुल ने खुद को देशी पिस्तौल से गोली मारकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली हो। हालांकि यह राज राहुल के मोबाइल से खुल सकता है। हो सकता है घटना से कुछ देर पहले फोन करके किसी के द्वारा दबाव बनाया गया हो। और उस दबाव में आकर राहुल ने खुद को गोली मारी हो। जानकारों की मानें तो अपराधी घटना स्थल पर अपना सबूत नहीं छोड़ते है। कट्टा व खोखा बरामद होने के बाद भी इस आशंका को बल मिल रहा है।



बरामद कट्टा व खोखा



रोते बिलखते मृतक के पत्नी व परिजन

## क्या पुलिस के पास मौजूद है राहुल की मौत का राज

राहुल के मौत का राज पुलिस के पास है। इस अनुमान को इसलिए बल मिल रहा है कि सोमवार को हत्या के बाद जब परिजन पुलिस पर विभिन्न तरह के आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे थे तथा पुलिस की लापरवाही को दर्शा रहे थे। उस वक्त डुमराव थानाध्यक्ष की एक इशारे के बाद छाई चुप्पी से इस अनुमान को बल मिल रहा है। मृतक के चचेरे भाई राजद नेता अखिलेश सिंह यादव से प्राथमिकी दर्ज होने से पहले हो रही गरमा गरम बहस के दौरान थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि मेरे पास वह वीडियो मौजूद है जो इस राज को खोलने के लिए काफी है। उसके बाद परिजनों की चुप्पी से यह स्पष्ट हो गया कि राहुल की हत्या या आत्महत्या के राज से बहुत जल्द पर्दा उठ जाएगा। उधर राहुल को जानने वाले इस घटना की अपने तरफ से अलग-अलग व्याख्या कर रहे हैं। जिसमें कोई हत्या के कई कारण बता रहे हैं तो कई लोग इसे आत्महत्या करार दे रहे हैं। हालांकि सबकी नजर पुलिस द्वारा की जाने वाली अगले कार्रवाई पर टिकी है।

## पूरे दिन होते रही घटना की चर्चा

इस घटना की चर्चा पूरे दिन शहर में होते रही। लोग अपराधियों के दुस्साहस के साथ ही मृतक के व्यवहार की चर्चा भी कर रहे थे। वही दूसरी तरफ इस घटना के बाद से जमीन व्यवसा से जुड़े लोगों में भय व्याप्त हो गया है। खासकर वैसे लोग जो विवादित जमीन की खरीद बिक्री करते है। मृतक का शव थाना में आते ही जमीन व्यवसाय से जुड़े कई कारोबारी भी वहा पहुंचे थे। सबके चेहरे पर हवाईयां उड़ रही थी।

# धान क्रय शुरू होने से पहले सीओ ने विभिन्न पैक्स गोदाम का लिया जायजा

■ जल्द ही सभी क्रय एजेंसी को कैश क्रेडिट की राशि की जाएगी आवंटित

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जिले में 15 नवंबर यानी मंगलवार से धान क्रय की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। जिसको लेकर डीएम अमन समीर के निर्देश पर सभी प्रखंडों में पैक्स गोदाम व व्यापार मंडलों की जांच की जा रही है। इस क्रम में डुमरांव अंचलाधिकारी अंकिता सिंह ने सोमवार को अंचल के विभिन्न पंचायतों में जाकर पैक्स गोदाम का निरीक्षण करते हुए वस्तु स्थिति की जांच की। अंचलाधिकारी ने विभिन्न गोदाम पर जाकर धान क्रय के लिए



जांच करती सीओ अंकिता सिंह

टांगे गए बैनर, क्रय रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, तराजू, मास्टर मशीन आदि की पड़ताल की। अंचलाधिकारी ने बताया कि जल्द ही सभी क्रय एजेंसी को कैश क्रेडिट की राशि आवंटित की जाएगी। जिसके बाद वो धान की खरीद कर सकें।

उन्होंने बताया कि नंदन, लाखनडिहरा, सोवा, नुआंव, कुशलपुर जैसे पैक्स पर धान खरीद की तैयारी पूरी कर ली गई है। इन पंचायतों में किसानों का धान भी बिक्री के लिए तैयार हो चुका है। वहीं मठिला, डुमराव व्यापार मंडल व अन्य स्थानों पर अभी तक किसानों ने धान की कटनी शुरू नहीं की है। जिसके कारण इन इलाके में धान की खरीद होने में 15 दिन का समय और लगने की संभावना है। अंचल पदाधिकारी अंकिता सिंह ने सभी पैक्स अध्यक्षों को धान खरीद के लिए सारी तैयारी पूरी कर लेने तथा निर्धारित तिथि पर धान की खरीद करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि धान की बिक्री करने में किसानों को किसी तरह का दिक्कत न हो तथा तथा बिचौलियों की दाल न गलने पाए यह लक्ष्य रखा गया है। धान क्रय की प्रतिदिन का रिपोर्ट देने तथा रजिस्टर्ड किसानों से ही धान खरीदने का निर्देश दिया है।

# महरौरा में आगलगी में जली झोपड़ी विधायक ने लिया जायजा



आगलगी में जलकर राख हुई झोपड़ी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय थाना क्षेत्र के महरौरा गांव में रविवार की मध्य रात्रि एक झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई। जिससे झोपड़ी पूरी तरह से जल गई है। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पा इसे विकराल होने से बचा लिया। पीड़ित राम भरत गोंड ने बताया कि उसके घर में रात 12 बजे अचानक आग लग गई। इस घटना में उसका कपड़ा, बिछावन, भूसा, अनाज समेत हजारों रूपए की संपति जलकर राख हो गई है। वही ग्रामीणों की तत्परता से एक बड़ा हादसा होते होते बच गया। आगलगी के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक डा अजित कुमार सिंह सोमवार को महरौरा पहुंच पीड़ित से मुलाकात किए। उन्होंने पीड़ित को उचित मुआबजा दिलाने का आश्वासन भी दिया। विधायक द्वारा तत्काल डुमरांव सीओ से इसकी जांच करवा पीड़ित को मुआबजा देने का निर्देश भी दिया गया। विधायक के इस पहल के बाद पीड़ित परिवार को बड़ा राहत मिला है।

# बक्सर में बड़े पैमाने पर औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को लेकर रोडमैप तैयार : डीडीसी

❑ बक्सर जिला तीव्र औद्योगिकीकरण की ओर अग्रसर की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**केटी न्यूज/बक्सर**

प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त डॉ. महेन्द्र पाल की अध्यक्षता में बक्सर जिला तीव्र औद्योगिकीकरण की ओर अग्रसर की बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। उप विकास आयुक्त ने बताया कि उद्योग विभाग के विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु एक रोड मैप बनाया गया है, ताकि जिला में बड़े पैमाने पर औद्योगिक इकाइयों की स्थापना एवं रोजगार के अवसर उत्पन्न हो सके। इस दौरान रसेन स्थित मधु उत्पादन उद्योग को



बैठक करते डीडीसी व अन्य

पीएमएफएमई योजनान्तर्गत तथा वैदा स्थित चर्म उद्योग को जिला औद्योगिक नव प्रवर्तन योजनान्तर्गत आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही मुरार स्थित कालीन उद्योग को प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया गया। स्फूर्ति योजनान्तर्गत बक्सर के सोन पापड़ी उद्योग तथा वस्त्र नीति 2022 अंतर्गत वस्त्र निर्माण उद्योग को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इसके लिए 18, 19 व 20 नवम्बर को औद्योगिक मेला-सह-प्रदर्शनी एवं सात दिसंबर को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत स्वीकृत ऋण वितरण शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। बैठक में डीआरडीए निदेशक, वरीय उप समाहर्ता बैंकिंग बक्सर, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्रह्मपुर से दिनदहाड़े दुकानदार का अपहरण, जांच में जुटी पुलिस

■ अपहर्ता चिह्नित, पैसे के लेन देन से जुड़ा है विवाद

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

ब्रह्मपुर के एक मोबाईल दुकानदार का दिन दहाड़े अपहरण कर लिया गया है। घटना सोमवार दोपहर बाद करीब ढाई बजे की है। अपहर्ता उसे दुकान से उठा जबरन स्कार्पियो वाहन में बैठा ब्रह्मपुर बगेन के रास्ते भागे है।

अपहृत दुकानदार अजय यादव इसी थाना क्षेत्र के निमेज पांडेयपुर गांव का रहने वाला है तथा ब्रह्मपुर चौक पर मोबाइल दुकान का संचालन करता है। सोमवार को दोपहर उसके दुकान पर एक स्कार्पियो आकर रूकी तथा कुछ लोग उसे जबरदस्ती उठाकर गाड़ी में बैठा लेकर भाग निकले। आसपास के दुकानदार कुछ समझ पाते तथा इस घटना का विरोध करते तबतक अपहर्ता वहा से दूर जा चुके थे। मोबाइल विक्रेता के अपहरण की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की बेचैनी बढ़ गई। पुलिस तत्काल इस मामले के उद्भेदन में जुट गई है। पुलिस सूत्रों की मानें तो उसका अपहरण लेन देन के विवाद में किया गया है। गिरोह को चिह्नित कर लिया गया है। पुलिस एक व्यक्ति को हिरासत में ले अपहृत दुकानदार के बरामदगी के प्रयास में जुट गई है। संवाद संप्रेषण तक दुकानदार को पुलिस बरामद नहीं कर सकी थी। ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी ने बताया कि मामला लेन देने के विवाद से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि दुकानदार को जबरन गाड़ी पर बैठा भागने वाले गिरोह की पहचान कर ली गई है। उन्होंने कहा कि दुकानदार को जल्दी ही सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

# ब्रह्मपुर प्रखंड में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए थाना पहुंचे 450 लोग

⏭ हेरोइन की तस्करी के खिलाफ लोग मुखर, पुलिस को आवेदन दे रोक लगाने की हुई मांग

⏭ लोगों का आरोप मादक पदार्थों के सेवन से बढ़ रहा अपराध, बर्बाद हो रही युवा पीढ़ी

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

जिले के ब्रह्मपुर प्रखंड में मादक पदार्थ (हेरोइन) की तस्करी रोकने के लिए स्थानीय लोग मुखर हो गए है। सोमवार को ब्रह्मपुर थाना पहुंचे ब्रह्मपुर नगर पंचायत क्षेत्र के साढ़े चार सौ लोगों ने पुलिस के सामने आरोप लगाया कि यहा खुलेआम हेरोइन की बिक्री व सेवन किया जा रहा है। लोगों का कहना था कि मादक पदार्थो के सेवन से जहा किशोर व युवाओं का भविष्य बर्बाद



फोटो - थाना में आवेदन देने पहुंचे लोग

हो रहा है वही कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। जबकि इसके लत को पूरा करने के लिए नशेड़ी छोटी-मोटी चोरियों से लेकर लूट जैसे संगीन अपराधों को अंजाम देते है। लोगों का कहना है कि ब्रह्मपुर से लगायत रघुनाथपुर इलाके में कई जगहों पर हेरोइन की बिक्री करने वाले सक्रिय है। जबकि इसका सेवन करने वाले भी दूर दूर से आते है।

पूरे दिन इस क्षेत्र में लोग मादक पदार्थों के नशे में झूमते रहते है। जबकि पुलिस सबकुछ जानते हुए भी मौन साधे रहती है। लोगों ने आरोप लगाया कि पहले भी कई बार इस क्षेत्र से हेरोइन तथा मादक पदार्थों के तस्करों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जो इस क्षेत्र में फल फूल रहे इस धंधे को प्रमाणित करती है।

बावजूद पुलिस ऐसे तत्वों पर कार्रवाई करने के बजाए मौन साधे हुए है। जिसका खराब परिणाम समाज खासकर किशोरों व युवाओं पर पड़ रहा है। लोगों ने पुलिस को आवेदन देकर भी मादक पदार्थों के तस्करी पर लगाम लगाने की मांग की है और कहा है कि यदि पुलिस जल्दी इस पर कार्रवाई नहीं करती है तो आंदोलन किया जाएगा। गौरतलब है कि डुमरांव अनुमंडल के ब्रह्मपुर के साथ ही कोरानसराय व डुमरांव थाना क्षेत्र मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कुख्यात रहा है। लेकिन पहली बार इसके खिलाफ लोगों के सार्वजनिक रूप से मुखर होने के बाद पुलिस की मुश्किलें भी बढ़ गई है।

# प्रत्येक 10 वर्षों में अपडेट कराएं अपना यूआईडीएआई बायोमैट्रिक

AADHAAR UIDAI

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण से प्राप्त सूचनानुसार आधार पिछले कुछ वर्षों में एक लोकप्रिय पहचान दस्तावेज बन गया है। बैंक खाता खोलने, सीम लगाने से लेकर गैस कनेक्शन तक आधार एक अनिवार्य एवं लोकप्रिय दस्तावेज है। इन कार्यक्रमों और सेवाओं का लाभ उठाने के लिए, आम जनता को आधार प्रमाणीकरण और सत्यापन के साथ जटिलताओं से बचने के लिए अपने आधार डेटा को नवीनतम व्यक्तिगत जानकारी के साथ अद्यतन रखना चाहिए। यूआईडीएआई के नियमों के अनुसार प्रत्येक नागरिक को हर 10 वर्षों में अपना बायोमैट्रिक अपडेट करा लेना चाहिए। बक्सर जिला में आवासित सभी आधार धारकों को सरकारी सुविधाओं/सेवाओं का निर्बाध लाभ मिलता रहे इसके लिए आवश्यक है कि आधार में पहचान का प्रमाण पत्र (पीओआई) एवं पता का प्रमाण पत्र (पीओए) संबंधी आकड़ों का समय-समय पर पुष्टिकरण हो। ऐसे व्यक्ति जिन्होंने अपना आधार 10 वर्ष पूर्व बनवाया था और इन वर्षों में उसके बाद कभी अपडेट नहीं किया, ऐसे आधार संख्या धारक आधार में पहचान का प्रमाण पत्र (पीओआई) एवं पता का प्रमाण पत्र (पीओए) निकटतम स्थायी नामांकन केन्द्र पर जाकर पुष्टिकरण करा सकते हैं।

## फटाफट खबरें

### कोर्ट में सरेंडर करने आया अभियुक्त फरार

**सासाराम।** जिले के व्यवहार न्यायालय में सोमवार को एससी-एसटी वाद में कोर्ट में सरेंडर करने आया अभियुक्त जमानत खारिज होने के बाद कोर्टकर्मियों को चकमा देते हुए न्यायिक हिरासत से फरार हो गया। इस दौरान कोर्ट में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। एससी-एसटी वाद के प्रभारी विशेष न्यायाधीश एडीजे ग्यारह उमाशंकर के न्यायालय में नौहट्टा थाना कांड संख्या 44/22 में आरोपी अभियुक्त गोरख यादव निवासी जयंतीपुर टोला, पुनाडीह, नौहट्टा ने कोर्ट में सरेंडर सह जमानत याचिका दायर की थी। कोर्ट ने मामले में सुनवाई के बाद आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दिया।

### ट्रेन से कटने जा रहे दंपती को आरपीएफ ने बचाया

**सासाराम।** डेहरी रेलवे स्टेशन पर रविवार की देर शाम को ट्रेन से कट कर जाने देने वाले दंपति को आरपीएफ ने बचाया। जहां पति-पत्नी जान देने के लिए प्लेटफार्म नंबर दो से गुजरने वाली मालगाड़ी के सामने कूद रहे थे। मौके पर मौजूद आरपीएफ के जवानों व यात्रियों ने दोनों को बचाया। दोनों की पहचान विकास और ज्योति डेहरी के रूप में की गई। बताया जाता है कि बताया कि पूर्व से चल रहे प्रेम प्रसंग के बीच ज्योति और विकास एक वर्ष पूर्व घर से भागकर मंदिर में शादी कर ली। फिर दोनों ने घरवालों के डर से पानीपत में जाकर नौकरी की और पति पत्नी की तरह रहने लगे। इसी बीच लड़की के पिता ने किसी तरह दोनों से संपर्क किया।

### हाईस्कूलों में शुरू होगी मैट्रिक सेंटअप परीक्षा


**सासाराम।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा आयोजित होने वाले मैट्रिक परीक्षा के लिए सेंटअप हो चुके छात्रों का टेस्ट एग्जाम 15 नवंबर से शुरू होगा। जांच परीक्षा लेने के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सभी हाई स्कूलों को निर्देश दिया है। निर्देश मिलने के बाद संबंधित स्कूलों में परीक्षा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। परीक्षा में परीक्षार्थियों को मिले प्राप्तांक की सूची बनाकर विद्यालय प्रशासन जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को भिजवाएगा, जिसके आधार पर समिति परीक्षार्थियों को मैट्रिक की मुख्य परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र जारी करेगी।

### रेलवे पोल से टकराकर युवक की मौत

**भभुआ।** कैमूर में पटना भभुआ रोड इंटरसिटी एक्सप्रेस के यात्री बोगी के गेट पर खड़ा युवक रेलवे पोल से टकरा गया, जिससे ट्रेन से गिरकर घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। मृत युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मौके पर मौजूद समाजसेवी और ग्रामीणों ने पुलिस और जीआरपी इसकी सूचना दी। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने कहा कि जीआरपी के अधीन यह क्षेत्र आता है। हमने इसकी जानकारी जीआरपी को दे दी है। वहीं पुलिस और जीआरपी के बीच सीमा विवाद के कारण युवक का शव घंटों तक पड़ा रहा। मृत युवक की उम्र 20 से 25 साल बताई जा रही है, जो ब्लू रंग का पैंट और पीला टीशर्ट पहने हुए है।

# निजी व सरकारी अस्पताल में इलाजरत टीबी मरीजों का निक्षय पोर्टल पर निबंधन करना जरूरी

- नवंबर व दिसंबर में प्राइवेट सेक्टर में नोटिफिकेशन के अनुरूप प्रगति का लक्ष्य
- जिले में लक्ष्य के सापेक्ष में 57 प्रतिशत की उपलब्धि



**केटी न्यूज/आरा**

सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग वर्ष 2025 तक राज्य सहित देश से यक्ष्मा उन्मूलन को लेकर संकल्पित है। वैश्विक रूप से डब्ल्यूएचओ एवं भारत सरकार ने जो लक्ष्य तय किया है। इसके मुताबिक टीबी मरीजों की कुल संख्या को 2030 तक 2015 के कुल मरीजों की संख्या के बीस फीसदी तक ले आना है। इससे अलग हटकर भारत सरकार ने अपने लिए यह समय सीमा 2025 तक तय किया है।

टीबी मरीजों को चिह्नित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने निजी क्लिनिक के संचालकों एवं सहयोगी संस्थाओं को भी यक्ष्मा मरीजों को चिह्नित करने का लक्ष्य रखा है। वहीं, विभाग के निर्देश के अनुसार अब प्राइवेट क्लिनिक पर इलाजरत यक्ष्मा मरीजों का निक्षय पोर्टल पर निबंधन करना अनिवार्य कर दिया गया है। निक्षय पोर्टल पर एंट्री को लेकर प्राइवेट क्लिनिक के डॉक्टर को भी प्रत्येक मरीज के नोटिफिकेशन पर 500 रुपए देने का प्रावधान है।

**टीबी हो सकता है जानलेवा:** यूं तो बीमारियां लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता के आधार पर शरीर पर असर दिखाती है। लेकिन, ज्यादातर बीमारियां अनदेखी के कारण भयानक रूप ले लेती हैं। इन्हीं बीमारियों में से एक है ट्यूबरक्लोसिस (टीबी)। जो हवा में तैरते ड्रॉपलेट्स के माध्यम से एक मरीज से दूसरे मरीज में संक्रमित होता है। यह जीवाणु से फैलता है, मुख्य रूप से माइक्रोबैकटीरियम ट्यूबरक्लोसिस से। यह आम तौर पर फेफड़ों को प्रभावित करता है, किंतु यह केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र, लिम्फतंत्र, संचार तंत्र, मूत्रजनन तंत्र, हड्डियां, जोड़ यहां तक की त्वचा को भी प्रभावित करता है। यदि इसका इलाज नहीं मिले तो आधे से अधिक रोगी काल का ग्रास बन जाते हैं। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व की एक तिहाई आदमी के शरीर में इस रोग का संक्रमण पाया जाता है। प्रति एक सेकंड में एक नया संक्रमण भी होता है।

### राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, यक्ष्मा ने जारी किया पत्र

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, यक्ष्मा डॉ. बाल कृष्ण मिश्र ने पत्र जारी कर संबंधित अधिकारियों तथा सहयोगी संस्थाओं को निर्देश दिया है। जारी पत्र में बताया गया है कि केंद्रीय यक्ष्मा विभाग द्वारा वर्ष 2022 में राज्य में प्राइवेट सेक्टर का कुल नोटिफिकेशन का लक्ष्य 1,20,000 रखा गया है। जबकि सितंबर 2022 तक राज्य में कुल प्राइवेट सेक्टर का नोटिफिकेशन 60,656 हुआ है एवं शेष 59,344 का नोटिफिकेशन दिसंबर तक पूरा करना है। इस नोटिफिकेशन का मुख्य उद्देश्य यक्ष्मा पर पूरी तरह नियंत्रण करना है।

### जिले में लक्ष्य के सापेक्ष में 57 हुआ नोटिफिकेशन

जारी पत्र से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिले में प्राइवेट सेक्टर द्वारा वर्ष 2022 में 2900 नोटिफिकेशन का लक्ष्य रखा गया है। जबकि सितंबर 2022 तक कुल 1648 मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया है जो लक्ष्य का 57 प्रतिशत है। वर्ष के अंत तक जिले में प्राइवेट सेक्टर द्वारा अभी 1252 मरीजों का नोटिफिकेशन किया जाना शेष है। स्वास्थ्य विभाग का इस बात पर फोकस है कि निजी क्लीनिक अपना काम पूरी दृढ़ता से करे तो तय समय में लक्ष्य को प्राप्त करना आसान हो जाएगा।

# आकाश हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में जुटी फॉरेंसिक टीम, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज

## आरा का मामला: फॉरेंसिक की चार सदस्यीय टीम ने घटनास्थल से लिया साक्ष्य, घंटों खंगाले फाइल

- घंटों की तफ्तीश, दो दिन बाद भी पुलिस को नहीं मिला कोई सुराग
- पुलिस की अलग-अलग टीम कर रही हर ठिकानों पर छापेमारी

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित शीतल टोला निवासी जदयू जिला उपाध्यक्ष भीम पटेल के भतीजे आकाश पटेल की हत्या में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी के साथ तकनीकी व वैज्ञानिक ढंग से तफ्तीश भी शुरू कर दी गयी है।

जिसमें फॉरेंसिक एक्सपर्ट की भी मदद ली जा रही है। इसे लेकर एसपी संजय कुमार सिंह की पहल पर सोमवार को फॉरेंसिक एक्सपर्ट की चार सदस्यीय टीम पहुंची। टीम घटनास्थल पर गयी और अपने स्तर से छानबीन की। उस दौरान खून सहित अन्य साक्ष्य का सैंपल लिया गया। उसके बाद टीम नगर थाना पहुंची और पुलिस अफसरों से पूरी घटना की डिटेल्स जानकारी हासिल की। काफी देर तक पुलिस अफसरों के साथ मंथन करने के टीम वापस लौट गयी। इधर, हत्या के आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी की ओर से गठित टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। आरोपितों के हर ठिकानों पर दबिश बढ़ा दी गयी है। सोमवार को भी टीम छापेमारी करती रही। जिले से बाहर भी टीम गयी है।



फाइल खंगालते फॉरेंसिक एक्सपर्ट व अन्य

तकनीकी सूत्र के जरिए भी खोजबीन की जा रही है। इसमें डीआईयू की भी मदद ली जा रही है। हालांकि दो दिन बाद इस मामले में पुलिस का हाथ खाली है। अपराधियों का अबतक कोई क्लू नहीं मिल सका है। बता दें कि शहर के शीतल टोला में शनिवार की शाम जदयू के जिला उपाध्यक्ष भीम पटेल के भाई अमरजीत पटेल और उनके पुत्र आकाश पटेल को गोली मार दी गयी थी। उसमें आकाश पटेल की मौत हो गयी थी। जबकि अमरजीत पटेल गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। इस मामले में छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

### अपराध रोकने की कवायद हुई तेज, शहर में चला सघन सर्च अभियान



सर्च अभियान के लिए तैयार पुलिस की टीम

**आरा।** शहर में आकाश भाई पटेल मर्डर केस सहित सीरियल हत्याओं पर मचे बवाल के बाद पुलिस फुल एक्शन मोड में आ गयी है। डीआईजी क्षत्रनील सिंह व एसपी संजय कुमार सिंह के आदेश पर काफी संख्या में पुलिस सोमवार को सड़क पर उतर गयी। विधि-व्यवस्था और अपराधियों में पुलिस का खौफ पैदा करने को एएसपी हिमांशु व डीएसपी मुख्यालय विनोद सिंह के नेतृत्व में मार्च निकाला गया। बडे.पैमाने पर चेकिंग अभियान भी चलाया गया। इस क्रम में शहर के हर चौक-चौराहों और इंट्री प्वाइंट पर काफी संख्या में पुलिस तैनात की गयी थी। इधर, अपराध रोकने को लेकर जमानत पर बाहर निकले अपराधियों से लेकर शराब के धंधेबाजों तक के खिलाफ भी शिकंजा कसने की कवायद शुरू कर दी गयी थी है। इसे लेकर ऐसे दागियों का सत्यापन करने को पुलिस द्वारा उनके घरों पर भी दस्तक देनी शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार नगर थाना से निकला मार्च घंटों पूरे शहर में घूमता रहा। इस दौरान रास्ते में वाहनों की जांच और संदिग्धों को रोक कर पूछताछ भी की जा रही थी। इससे अपराधी प्रवृत्ति के लोगों और शरारती तत्वों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस देर रात तक शहर में मार्च करती रही। उसमें नगर, नवादा और मुफस्सिल सहित अन्य थानों की पुलिस के अलावा चीता टीम भी शामिल थी। पैदल के साथ विभिन्न वाहनों पर भी पुलिस चल रही थी। बता दें कि शहर में लगातार हो रही हत्याओं से नाराज लोगों का गुस्सा शीतल टोला निवासी आकाश पटेल हत्याकांड के बाद पूरी तरह भड़क उठा था। हालात को देखते हुए शाहाबाद डीआईजी दो दिनों तक आरा में कैंप करते रहे थे। उस दौरान उन्होंने पुलिस को आवश्यक निर्देश दिया था।

## छोटी खबरें

### आज के बच्चे कल के भविष्य, पहले बने अच्छे नागरिक : डीएम



**जहानाबाद।** बाल दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय में हुआ। जिसमें जिलाधिकारी ऋची पांडेय ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। विद्यालय के बच्चे अच्छे नागरिक बनें। विद्यालय में बच्चे बहुआयामी व्यक्तित्व का विकास करें। विद्यालय से अच्छी शिक्षा ग्रहण कर ना सिर्फ वो जहानाबाद में बल्कि पूरे देश में जिले का नाम रोशन करें। क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मोहम्मद जुनैद आलम को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। वरीय उपसभापति पंकज कुमार ने विद्यालय के वरीय उप समाहर्ता पंकज कुमार ने विद्यालय के बच्चों द्वारा किये गए कार्यों को पूरी तरह से सराहा। जदयू के मुख्य प्रवक्ता दिलीप कुशवाहा ने बताया कि उर्दू मध्य विद्यालय जहानाबाद पूरे जहानाबाद जिला में प्रथम स्थान पर है। यहां के प्रधानाध्यापक की देन है कि इस विद्यालय के बच्चे आज राज्य में प्रथम स्थान पर परचम लहराने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार व संचालन मुसर्रत जहां ने किया। मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद वसीम उल हक रुस्तम, मध्य विद्यालय बभना के प्रधानाध्यापक श्रीधर सिंह, मध्य विद्यालय गोडीहा प्रधानाध्यापक और अमरेश कुमार, महर्षि पतंजलि के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी रौशन आरा, डीपीओ मध्याह्न भोजन समेत कई लोग उपस्थित थे।

### बालू की ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने चलाया अभियान, तीन गिरफ्तार



**सासाराम।** जिले में बालू के आवेरलोडिंग एवं डंपिंग पर पूरी तरह रोक लगाना अभी भी संभव नही हो पा रहा है। ऐसे में जिले के आधा दर्जन थाना क्षेत्रों में चले छापेमारी अभियान में 11 ओवलोडेड वाहन जब्त किए गए है, जबकि तीन चालक भी गिरफ्तार किए गए हैं। एसपी आशीष भारती ने रविवार देर शाम बताया कि जिले के डालमियानगर, दरिहट, तिलौथू, सासाराम नगर, नोखा एवं चेनारी थानांतर्गत आज रोहतास पुलिस को सूचना मिली कि खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन, ओवरलोडिंग कर बालू का अवैध रूप से ढुलाई किया जा रहा है। इस सूचना का सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष डालमियानगर, दरिहट, तिलौथू, सासाराम नगर, नोखा एवं चेनारी थाना को अपने-अपने थाना क्षेत्र में अवैध खनन तथा ओवरलोडिंग के विरुद्ध संघन छापेमारी करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। थानों की विशेष टीम के द्वारा अवैध खनन-ओवरलोडिंग के विरुद्ध थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान डालमियानगर थाना क्षेत्र से 05 ट्रैक्टर, दरिहट एवं नोखा थाना क्षेत्र से एक-एक ट्रैक्टर, तिलौथू एवं सासाराम नगर थाना क्षेत्र से भी 1-1 ट्रैक्टर के तथा चेनारी थाना क्षेत्र से 02 ट्रैक्टर जप्त किए गए हैं। जबकि सासाराम नगर थाना क्षेत्र से दो एवं चेनारी थाना में एक को गिरफ्तार किया गया है।

## आभूषण कारोबारी की हत्या में तीन के खिलाफ वारंट जारी, कुर्की प्रक्रिया शुरू

- दुकान के किराये के विवाद में अगवा कर की गयी थी कारोबारी की हत्या

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के आभूषण कारोबारी सह अधिवक्ता हरिजी गुप्ता की हत्याकांड में फरार मुख्य आरोपित अमर कुमार सहित तीन के खिलाफ पुलिस द्वारा शिकंजा कसना शुरू कर दिया गया है। गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में पुलिस की ओर से तीनों कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

इस मामले में टाउन थाना की पुलिस को तीनों के खिलाफ वारंट मिल गया है। पुलिस अब वारंट लौटा कर इश्तेहार के लिए जल्द कोर्ट पहुंचेगी। प्रभारी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के अनुसार फरार तीन आरोपितों के खिलाफ वारंट मिल गया है। तामिल कराने के बाद वारंट लौटा होते हुए इश्तेहार व कुर्की के लिए कोर्ट में अर्जी देने की तैयारी की जा रही है। गिरफ्तारी को लेकर भी छापेमारी की जा रही है। बता दें कि नगर थाने के महाजन टोली नंबर एक निवासी आभूषण कारोबारी हरिजी गुप्ता को किराये के विवाद में बलुआही स्थित उनके मार्केट से दो नवंबर को अगवा कर लिया गया था। उसके बाद हत्या कर शव फेंक दिया गया था। उनका शव चार नवंबर को शाहपुर थाना क्षेत्र के रानीसागर के पास आरा-बक्सर फोरलेन किनारे नाले से मिला था। उस मामले में रौजा मोहल्ला निवासी अमर कुमार सहित छह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें रितेश कुमार व रंजन यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि मुख्य आरोपित अमर कुमार सहित अन्य अभी फरार चल रहे हैं।

## भोजपुर में बस और ऑटो की भिड़ंत में बच्चे की मौत, दंपती सहित तीन जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के बनौली पुल के पास आरा-अरवल रोड पर सोमवार की शाम बस और ऑटो की सीधी भिड़ंत हो गई। इसमें ऑटो पर सवार तीन साल के एक बच्चे की घटनास्थल पर मौत हो गयी। हादसे में उसके पिता सहित तीन लोग जख्मी हो गये। उसमें उसके पिता की हालत भी काफी गंभीर बनी है। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। वहीं मां और बहन का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृत बच्चा नारायणपुर के यमुनी टोला गांव निवासी धर्मेंद्र यादव का तीन वर्षीय पुत्र शिवम कुमार था। घायलों में धर्मेंद्र यादव, उनकी पत्नी लीलावती देवी व बेटी रंजनी कुमारी है। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा बस और ऑटो को जब्त कर लिया गया है। ऑटो धर्मेंद्र यादव का बताया जा रहा है। घटना के समय वह खुद ऑटो चला रहा था। बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र यादव सोमवार को ऑटो से अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ससुराल से गांव लौट रहा था। तभी बनौली मोड़ के पास सहार की ओर से आ रही बस ने ऑटो में जोरदार ठोकर मार दी। इससे ऑटो में सवार शिवम उछल कर रोड जा गिरा। उससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि ऑटो में सवार धर्मेंद्र यादव, उसकी बेटी और पत्नी जख्मी हो गयी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष नीता कुमारी घटनास्थल पर पहुंची और सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डाक्टरों ने शिवम को मृत घोषित कर दिया।



अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे जख्मी व अन्य

# लिंग आधारित भेदभाव को दूर करने में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका

- सहयोगी संस्था द्वारा आयोजित की गयी मैच, उत्साह के साथ लड़कियों ने किया प्रतिभाग
- फुटबॉल मैच के जरिए लड़कियों ने दिया सशक्तिकरण का संदेश

**केटी न्यूज/पटना**

सोमवार को सहयोगी संस्था द्वारा क्रिया के सहयोग से बाल दिवस के मौके पर मनेर प्रखंड के बलुआं पंचायत स्थित प्रारम्भिका विद्यालय में लड़कियों की फुटबॉल मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मैच में लगभग 30 लड़कियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। मैच के आयोजन से एक तरफ बाल दिवस पर स्कूली छात्राओं को खेलने का अवसर मिला। वहीं, दूसरी तरफ खेल-कूद में लड़कियों की प्रतिभागिता के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव की जरूरत भी उभर कर सामने आई। मैच के दौरान लड़कियां लाल एवं नीले ड्रेस में एक दूसरे से प्रतियोगिता करने के साथ एक-दूसरे का हौसला आफजाई करते भी दिखी। मैच शुरू होने से पूर्व प्रारम्भिका विद्यालय के निदेशक सुमित प्रकाश ने लड़कियों का मनोबल बढ़ाया एवं जीवन के प्रत्येक प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।



**खेल-कूद भी लैंगिग भेदभाव में कमी ला सकता है :** सहयोगी संस्था की निदेशिका रजनी ने बताया कि सामाजिक पृष्ठभूमि में अभी भी कई खेल-कूद ऐसे हैं, जिसमें लड़कियों की प्रतिभागिता को स्वीकृति नहीं मिली है। परिवार से शुरू हुयी लैंगिग भेदभाव समाज के उबड़-खाबड़ सड़कों से होकर कब खेल-कूद में सरीक हो गया है, इसका सही आकलन करना संभव नहीं है। इस लिहाज से लिंग आधारित भेदभाव की बुनियाद को कमजोर करने के लिए खेल-कूद में लड़कियों की प्रतिभागिता को प्रोत्साहित करना लाजिमी है। समाज का एक वर्ग अभी भी एक दलील में उलझा है कि कौन सा कपड़ा लकड़ियों के लिए उपयुक्त हो सकता है। कौन सा व्यवहार लडकियों के लिए उचित है एवं कौन सा खेल ऐसा है जो सिर्फ लड़कों के लिए ही बना है। ऐसे में खेल-कूद में लड़कियों की प्रतिभागिता महिला सशक्तिकरण के लिहाज से तो महत्वपूर्ण है ही। साथ ही, लैंगिग भेदभाव करने वालों के लिए उनकी सोच में परिवर्तन लाने के लिए एक बेहतर अवसर भी है।

**एक साथ बढेंगे, तभी तो समाज प्रगति करेगा:** बलुआं पंचायत की मुखिया माधुरी देवी ने लड़कियों के लिए फुटबॉल मैच का आयोजन करने के लिए सहयोगी संस्था को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि लड़कों एवं लड़कियों के बीच किसी तरह का भेदभाव परिवार एवं समाज की प्रगति में बाधक है। दोनों एक साथ मिलकर आगे बढेंगे तभी अपना समाज सही मायने में विकास कर सकेगा। आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां लड़कियों की भागीदारी लड़कों की तुलना में कम हो। लिंग आधारित भेदभाव एक ऐसी समस्या है जिसका समाधान सरकार के पास नहीं है। इसका निदान हमें खुद ढूंढना होगा। उन्होंने कहा कि फुटबॉल मैच में लड़कियों को प्रतिभाग करते देखना उनके लिए एक सुखद अनुभूति है। उन्होंने उपस्थित लोगों से खेल-कूद में लकड़ियों को शामिल करने की भी बात कही। कार्यक्रम में बलुआं की मुखिया माधुरी देवी, प्रणेश कुमार सिंह उर्फ मालिक जी तथा प्रारम्भिका विद्यालय के निदेशक सुमित प्रकाश, इंचार्ज रंजीत कुमार सिंह तथा अन्य शिक्षक शामिल थे।

केशव टाइम्स
पुर्वांचल, 15 नवम्बर 2022



website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com



## फटाफट खबरें

### मिठाई खाने से बिगड़ी बच्चों की हालत

**बलिया।** जिले के फेफना कस्बे में स्थित महर्षि अरविन्द स्कूल में बाल दिवस पर मिठाई खाते ही बच्चों की हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बच्चों का उपचार चल रहा है। सोमवार को बाल दिवस पर स्कूल प्रबंधक ने बाजार से मिठाई मंगा कर बच्चों में वितरण किया। मिठाई खाते ही बच्चो को उल्टी होने लगी। कुछ बच्चे प्राथमिक उपचार के बाद ठीक हो गये, लेकिन कुमारी किरन (15) पुत्री संजय राजभर, निशा गुप्ता (10) पुत्री लल्लन गुप्ता निवासी फेफना को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दोनों की स्थिति सामान्य बतायी जा रही है। दिनेश सिंह ने बताया कि मिठाई खाने के बाद जब बच्चों का जी मिचलाने लगा, तो एहतियात बरतते हुए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के बाद बच्चे सामान्य हो गए। जिसके बाद डॉक्टर ने बच्चों को घर ले जाने की स्वीकृति दे दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

**बलिया।** जिले के पकड़ी थाना क्षेत्र के चक बहाउद्दीन निवासी प्रेम चन्द्र चौहान (60) की शनिवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि शनिवार को दोपहर बाद प्रेमचंद चौहान अपने पुत्र मनजी चौहान के साथ बहेरी बाजार गए थे। शाम को लौटते वक्त गांव के एक व्यक्ति की बाइक से घर के लिए चल दिए। जबकि मनजी सायकिल से ही आ रहा था। ग्रामीणों की माने तो प्रेमचंद व बाइक सवार दोनों ने बीच रास्ते में कहीं रुक कर शराब पिया। उसके बाद घर जाते समय रास्ते में प्रेमचंद की तबियत बिगड़ते देख प्रेमचंद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत प्रेमचंद को मृत घोषित कर दिया। उधर घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा हो रही है।

### 30 से पहले जमा करें विनिमयन शुल्क

**बलिया।** जिले के समस्त ईंट भट्ठा संचालकों को ईंट भट्ठा सत्र 2022-23 का विनियमन शुल्क जमा कराया जाना है। इसके लिए प्रभारी अधिकारी खनिज/एडीएम राजेश कुमार सिंह ने बताया है कि विनियमन शुल्क जमा कराने के बाद ही ईंट-भट्ठे के कच्ची ईंट मिट्टी की पथायी की जाएगी। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर तक जमा विनियमन शुल्क जमा करने पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। उसके बाद जमा की गयी धनराशि पर नियमानुसार ब्याज भी देना होगा। इसलिए 30 नवंबर से पहले ईंट-भट्ठा स्वामी हर हाल में विनिमयन शुल्क जमा कर दें। अन्यथा की स्थिति में उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी की चेतावनी... डेंगू निरोधक कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई



- डेंगू से प्रभावित इलाकों व जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड का डीएम ने किया निरीक्षण
- लोगों ने कहा- नगर पालिका व्यवस्थित ढंग से नहीं कराता इलाके में फॉगिंग
- कैंप लगाने व फॉगिंग का रोस्टर मोहल्लों में चस्पाने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार ने जनपद में संचारी रोगों एवं डेंगू से सर्वाधिक प्रभावित इलाकों मटिया टोला एवं पठान टोला का निरीक्षण करने के साथ ही संयुक्त जिला अस्पताल स्थित डेंगू वार्ड का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से उनके वार्डों में नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे फॉगिंग कार्य, एंटी लार्वा, छिड़काव आदि के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित जांच कैंप लगाने के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका के द्वारा व्यवस्थित ढंग से फॉगिंग कार्य ना कराने की भी शिकायत की। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नियमित कैंप लगाकर सभी बीमार व्यक्तियों की जांच करने एवं डेंगू के संदिग्ध मरीजों को तत्काल सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराकर प्रारंभिक उपचार शुरू करने के निर्देश दिया। उन्होंने रोस्टर के अनुसार व्यवस्थित ढंग से फॉगिंग एवं छिड़काव कार्य स्वयं की निगरानी में नियमित रूप से कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिया।

**डीएम ने स्थानीय लोगों से की पूछताछ :** जिलाधिकारी ने मटिया टोला में ही लगे जांच कैंप का भी निरीक्षण किया। वहां उन्होंने अब तक हुई जांचों एवं डेंगू के संदिग्ध मरीजों के बारे में जानकारी ली। पास स्थित पठान टोला वार्ड का भी निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से बातचीत की। जहां लोगों ने बताया कि अब स्थिति पहले से स्थिति बेहतर है। नियमित रूप से साफ सफाई एवं जांच कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने बताया कि नगर पालिका से संबंधित किसी भी तरह की समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 9151700777 एवं 1533 पर फोन करने पर तत्काल समस्या का उचित समाधान कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने सीएमओ एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को कैंप लगाने तथा फॉगिंग व छिड़काव कार्य का रोस्टर मोहल्लों के विभिन्न जगहों पर चस्पा करने के निर्देश दिया। जिससे लोगों को पता चल सके कि उनके यहां जांच कैंप एवं फॉगिंग तथा छिड़काव कार्य कब होने हैं। जिलाधिकारी ने संचारी रोगों एवं डेंगू से बचाव हेतु किए जा रहे कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर सभी संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

**जिला अस्पताल का किया निरीक्षण :** नप क्षेत्र के वार्डों के निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने संयुक्त जिला अस्पताल स्थित डेंगू वार्ड का भी निरीक्षण किया। जहां एक संदिग्ध डेंगू का मरीज एडमिट था। जिलाधिकारी ने भर्ती मरीज के सहायक से वहां पर मिल रही सुविधाओं एवं साफ सफाई के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डेंगू वार्ड के संबंध में स्थिति संतोषजनक पाई गई। उन्होंने सीएमओ को डेंगू वार्ड को 24 घंटे खुला रखने के साथ ही वहां पर एक डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। जिससे जिससे लोगों को डेंगू के इलाज की सुविधाएं अनवरत उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने सीएमओ से अस्पताल में दवा की उपलब्धता, डॉक्टरों की उपस्थिति आदि के बारे में भी जानकारी लेते हुए शासन द्वारा दी जा रही सभी सुविधाएं समस्त मरीजों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने अस्पताल परिसर में विशेष साफ-सफाई रखने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लोगों से अपने आसपास साफ-सफाई रखने तथा संचारी रोगों एवं डेंगू रोग से बचाव हेतु स्वयं भी प्रयास करने की अपील की।

# गाजीपुर में मां -बेटी की गला दबाकर हत्या फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से लिये सैंपल

## आईजी वाराणसी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण, परिजनों से की पूछताछ

- कहा, प्रथम दृष्टया हत्या के पीछे भूमि विवाद का मामला आया है सामने
- एसपी बोले, बहुत जल्द होगा घटना के कारणों का खुलासा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के मुहम्मदाबाद कोतवाली अंतर्गत कठउत गांव में रविवार की रात मां-बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर सोमवार को आईजी वाराणसी, एसपी सहित अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। संबंधितों से घटना के संबंध में जानकारी लेने के बाद कोतवाली पुलिस को शीघ्र मामले का जल्द पदार्फाश करने का निर्देश दिया। वारदात के पीछे जमीनी विवाद का मामला सामने आ रहा हैं। बताया गया है कि कठउत गांव निवासी की कौशल्या देवी (70) पत्नी स्व. केदार राजभर अपनी पुत्री मालती (35) पत्नी वीरेंद्र राजभर चितबड़ागांव बलिया व पुत्र गौरी राजभर के साथ रहती थी।



परिजनों से पूछताछ करते आईजी, एसपी व अन्य अधिकारी

रात में गौरी राजभर कहीं निमंत्रण में गया था। वहां से लौटने के बाद घर न आकर दूसरी जगह सो गया। रात में मां-बेटी कमरे के अंदर सोई थी। सुबह जब गौरी घर गया, तो देखा कि उसकी मां व बहन कमरा के बाहर मकान के अंदर बने अर्धनिर्मित कमरे में जमीन पर मृत पड़ी थी। उनके मुंह से खून निकला हुआ था। यह देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने बिलखते हुए मामले की जानकारी पास-पड़ोस के लोगों को दी। जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

सूचना मिलने पर सीओ श्याम बहादुर सिंह व प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार मिश्रा मय फोर्स मौके पर पहुंचते हुए घटना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। आईजी वाराणसी के. सत्यनारायण, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक भारती घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम ने सघन जांच करते हुए मौके से नमूने लिए।

आईजी के. सत्यनारायण ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला जमीन बेचने व रुपये के लेन-देन से जुड़ा लग रहा है। वैसे पुलिस मामले में हर पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच में लगी है। जल्द ही मामले का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

### दो साल से जमीन को लेकर हो रहा था विवाद

घटना को लेकर ग्रामीणों में इस बात की चर्चा रही कि पट्टीदार मोहन राजभर की करीब साढ़े सात मंडा जमीन गौरी ने गांव के संजय राय के साथ मिलकर मुसाफिर राम को 22 लाख रुपए में दो वर्ष पूर्व बिकवाया था। मोहन का आरोप था कि उसे जमीन का रुपया नहीं मिला है, पूरा रुपया गौरी और संजय ने मिलकर लिया। जमीन का रुपया मुसाफिर को वापस कर जमीन मोहन को देने को लेकर कई बार गांव में पंचायत भी हुई थी। इस जमीन का रुपया गौरी व संजय को वापस करना था। जबसे रुपये का विवाद शुरू हुआ, गौरी की पत्नी अपने बच्चों सहित मायके जाकर रहने लगी। वहीं गौरी की बहन मालती देवी मासूम पुत्र बाबू के साथ अपनी बूढ़ी मां कौशल्या की देखरेख के लिए मायके कठउत आकर रहने लगी। पुलिस व ग्रामीण जमीन के रुपये को लेकर ही हत्या की आशंका जता रहे है।

# कार्रवाई: जच्चा-बच्चा की मौत मामले में डीलक्स अस्पताल को किया गया सील

- तीन माह पूर्व हुई थी प्रसूता व नवजात की मौत, डीएम ने दिए थे जांच के आदेश
- बिल्थरारोड स्थित चौकियामोड़ - नगरा मार्ग पर संचालित है डीलक्स अस्पताल

**केटी न्यूज/बलिया**

जिले के बिल्थरारोड स्थित चौकियामोड़ - नगरा मार्ग पर संचालित डीलक्स अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान बीते तीन माह पूर्व जच्चा- बच्चा की मौत होने की शिकायत को लेकर जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल के निर्देश पर किये गए जांच के बाद सीएमओ के आदेश पर सोमवार शाम को अस्पताल को सील कर दिया गया। विभाग की इस करवाई के बाद अवैध रूप से संचालित अस्पतालों, पैथालॉजी व झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कम्प मच गया है।

शिकायतकर्ता द्वारा दिये गए शिकायती पत्र के अनुसार 27 जुलाई के सुबह प्रसूता पूजा शर्मा की मौत हो गई। जबकि तीन घण्टे बाद नवजात की भी मौत हो गयी। शिकायतकर्ता का आरोप था कि सुबह ही प्रसूता की मां उसे लेकर चौकियामोड़ के डिलक्स हास्पीटल पहुंची थी जहां परिजनों की सहमति के बाद आधे घंटे में ही आपरेशन कर दिया गया। इस दौरान प्रसूता की मौत हो गई। कुछ समय बाद बच्चे की भी मौत हो गई। घटना के समय अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नही था। ज्ञात हो कि शिकायत के बाद सीएमओ द्वारा गठित टीम ने जांच आख्या के आधार पर सीएमओ के आदेश पर शुक्रवार शाम को डीलक्स अस्पताल को सील करने पहुची टीम अस्पताल को सील करने की नोटिस न मिलने के कारण अस्पताल को बिना सील किये बिना ही वापस लौट गई। इस मौके पर टीम के नोडल अधिकारी/डिप्टी सीएमओ डॉ. एसके गुप्ता ने बताया कि जसुराम राजभर के द्वारा शिकायत की गई थी। हम लोग सीएमओ के आदेश पर अस्पताल को सील करने आये हैं, किंतु डाक द्वारा अभी अस्पताल को नोटिस नहीं मिला है। 24 घंटे की मोहलत दी गयी है कि अपना मरीज व समान हटा लें। इसके बाद टीम वापस लौट गई। उसके बाद 48 घण्टे बीत जाने के बाद भी अस्पताल सील न होने पर सोमवार को शिकायतकर्ता जसुराम राजभर सीएमओ से मिले इसके बाद देर शाम को अस्पताल सील कर दिया गया। सील करने पहुची टीम में डॉ अभिषेक मिश्र, सीएचसी सीयर अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार सिंह, सीएचसी सीयर के नोडल डॉ. एलसी शर्मा और सब इंस्पेक्टर उभांव चंद्रशेखर यादव दलबल के साथ मौजूद रहे।

# बाल दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित कर किया गया जागरूक

- बच्चों के अधिकार व शोषण विषय पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**केटी न्यूज/मऊ**



एएससीएस रेलवे चाइल्ड लाइन के द्वारा बाल दिवस कार्यक्रम धूम धाम के साथ मनाया गया। जिसमें रेलवे हाई स्कूल मऊ एवं अमर बहादुर कॉन्वेंट स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। अमर बहादुर कॉन्वेंट स्कूल में कुल 150 बच्चों ने दो ग्रुप के माध्यम से प्रतिभाग किया। जिसमें कुल सात श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया।

जहां पहले ग्रुप में अनीता निषाद ने प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार इशिका तथा तृतीय पुरस्कार अतुल रावत को दिया गया। वहीं, दूसरे ग्रुप में कुशाल वर्मा प्रथम, श्रुति द्वितीय व विट्ठू कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में रेलवे हाई स्कूल पर कुल 45 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम पुरस्कार अंजली यादव, द्वितीय अनीता व तृतीय हनी कुमार तथा दिनेश को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम प्रबंधक अमरदीप विश्वकर्मा, केंद्र समन्वयक माला विश्वकर्मा, अवनीश कुमार, मोहम्मद आसिफ, पंचदेव चौहान, संजीव कुमार , हरिनारायण शर्मा, कुमारी अर्चना, फौजिया रियाज, अर्पित, आदित्य आदि के साथ साथ समस्त चाइल्ड लाइन टीम व रेलवे हाई स्कूल तथा अमर बहादुर कॉन्वेंट स्कूल की पूरी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम में बच्चों के अंदर जबरदस्त उत्साह देखा गया।

## छोटी खबरें

### चिल्ड्रन-डे पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**गाजीपुर।** प्राथमिक विद्यालय रेवतीपुर पूर्वी पर चिल्ड्रन-डे के मौके पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत। चिल्ड्रन-डे के मौके पर रेवतीपुर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रेवतीपुर पूर्वी पर बच्चों के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस बीच शिक्षकों ने बच्चों के साथ चिल्ड्रेन-डे को सेलिब्रेट करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रधानाचार्य विनीता राय ने बच्चों को जवाहरलाल नेहरू के बारे में बताते हुए उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। खेल के दौरान बच्चों ने लंबी कूद, नींबू दौड़, खो-खो और कबड्डी आदि खेलों में प्रतिभाग किया। विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने पुरस्कृत एवं सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक राघवेंद्र सिंह, अनुप्रिया सिंह, परमेश्वर सैनी, राजेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने बालिकागृह की बच्चियों को दिए गर्म कपड़े व मिठाई



बलिया। बाल दिवस के अवसर पर जनपद की जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने राजकीय बाल गृह बालिका, निधरिया में निवासरत 73 संवासिनियों को सर्दी से बचाव के लिए गरम कपड़े व मिष्ठान वितरित किया गया। संस्था में जिलाधिकारी के निदेनुसार कुल गुमशुदा 25 संवासिनियों का आधार कार्ड कैंपस में ही बनाया गया था। जिसमें से 17 आधार डुब्लीकेट प्राप्त हुए तथा आठ संवासिनी का आधार कार्ड प्राप्त होने पर उन्हें अपने गृह जनपद बलिया, आजमगढ़, देवरिया, भागलपुर बिहार एवं गाजीपुर अभिभावक के संरक्षण में सुपुर्द किया और पुर्नवासन की कार्यवाही की गयी। संस्था में आवासित संवासिनियों को कौशल प्रशिक्षण के अन्तर्गत सिलाई, बुनाई के साथ-साथ कम्प्यूटर शिक्षा देने के साथ संवासिनियों के लिए एक पुस्तकालय का अनावरण किया गया तथा संस्था कैम्पस में बने अधीक्षिका आवास के मरम्मत कार्य का शुभारम्भ भी किया गया। इस दौरान मो. मुमताज जिला प्रोबेशन अधिकारी, मधु सिंह सहायक अधीक्षिका, ममता उप निदेशक, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ तथा कौशल प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

### गोवंश पशुओं के टीकाकरण में सहयोग करें किसान व पशुपालक : जिलाधिकारी

**बलिया।** जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल के निदेर्शानुसार जनपद में पशुओं को खुरपका मुंहपका टीकाकरण का अभियान सात नवंबर से 21 दिसंबर तक चलाया जाएगा। जनपद में संचालित समस्त स्थायी व अस्थायी को आश्रय स्थलों/ कान्हा गौशालाओं/ पंजीकृत गौशालाओं में संरक्षित गोवंश को प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण किया जाएगा। अंतरराजीय सीमा से सटे समस्त विकास खंडों के समस्त ग्रामों में गोवंश, महिषवंशीय पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा। जिससे चार माह से कम उम्र 8 से अधिक गर्भित पशुओं को टीकाकरण से मुक्त रखा जाएगा। 4 से 5 माह के बच्चों (बछिया, बछड़ा, पड़िया, पड़वा) को टीकाकरण से एक माह के उपरांत बूस्टर डोज दिया जाएगा। जनपद के समस्त प्रतिनिधियों तथा ग्राम प्रधान सदस्य, जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र पंचायत आदि अपने-अपने क्षेत्र के पशुपालकों को जागरूक कर समस्त गोवंशी एवं महिषवंशी पशुओं का टीकाकरण कराने में सक्रिय हो आदान प्रदान करेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि जनपद के समस्त पशुपालकों से अपील है कि टीकाकरण टीम आपके दरवाजे पर पहुंचने पर अपने पशुओं को पकड़ा कर निःशुल्क टीकाकरण कराने में सहयोग प्रदान करें। जागरूकता कार्यक्रम के तरह पशुपालकों के द्वारा पशुओं में खुरपका मुंहपका बीमारी के लक्षण पाए जाने पर पशुपालन विभाग के कंट्रोल रूम प्रभारी डॉ नरेंद्र प्रताप सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी सदर बलिया के मोबाइल नंबर 9807915253 पर सूचित करेंगे।

### आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने डीएम कार्यालय का किया घेराव, विभाग पर लगाए गंभीर आरोप

**गाजीपुर।** आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर घेराव कर प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने बताया कि उनके मूल कार्य के अलावा भी कई तरह के कार्य लिए जा रहे हैं। जिसके कारण उनका मुख्य काम प्रभावित हो रहा है। किराए के भवन में चलने वाले आंगनबाड़ी केंद्र का किराया पिछले कई सालों से नहीं मिल रहा है। विभाग के द्वारा आंगनबाड़ियों को तकनीकी से जोड़ने के लिए स्मार्टफोन का वितरण किया गया लेकिन उस स्मार्टफोन को रिचार्ज कराने के लिए कोई पेमेंट नहीं दिया जा रहा है। जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रभा सिंह ने बताया कि पिछले दिनों विभाग के द्वारा आंगनबाड़ियों को साड़ी दिया गया जो काफी घटिया किस्म की थी और उसने साड़ी के साथ पेटीकोट और ब्लाउज नहीं दिया गया। पोषाहार स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से वितरित किया जा रहा है, लेकिन इन लोगों का आरोप है कि संस्था के द्वारा पोषाहार का वितरण नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण उनके क्षेत्र में इन लोगों पर काफी दबाव आ रहा है। इन्हीं सब बातों को लेकर आज सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया।

# 32 लाख की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन व दो सड़कों का लोकार्पण

- उदूर्बाजार वार्ड में एक मिनी ट्यूबवेल का भी शिलान्यास
- सामुदायिक भवन का निर्माण से क्षेत्र की जनता को मिलेगा लाभ

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




नगर पालिका परिषद गाजीपुर द्वारा वार्ड नंबर 18 उदूर्बाजार में सामुदायिक भवन एवं नवनिर्मित दो सड़कों का लोकार्पण किया गया। साथ ही, 10 एचपी के मिनी नलकूप का शिलान्यास किया गया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं गाजीपुर लोकसभा के संयोजक कृष्ण बिहारी राय व नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर कृष्ण बिहारी राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज तीन कार्यों का लोकार्पण एवं मिनी ट्यूबवेल का शिलान्यास कार्यक्रम से सभी क्षेत्रवासी बेहद सुख का अनुभव कर रहे हैं और यहां की जनता के चेहरे पर आयी मुस्कुराहट से यह महसूस किया जा सकता है कि नपा अध्यक्ष सरिता अग्रवाल व सभासद के कार्यों से लोग प्रसन्न हैं। जो सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ है इससे क्षेत्र की जनता को छोटे-छोटे कार्यक्रम करने में सहुलियत होगी। यह भवन बहुपयोगी ही नहीं गरीबों के लिए वरदान है। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सरिता अग्रवाल ने कहा कि आप सभी के सहयोग एवं आशीर्वाद से नगर के विकास हेतु हम सब कृत संकल्पित हैं। हमने बहुत सारे विकास कार्य किए और लगातार विकास का क्रम जारी है। पालिथीन का उपयोग न करने की सलाह देते हुए उससे होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराया।

पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बताया कि उदूर्बाजार वार्ड में नगर पालिका की जमीन पर सामुदायिक भवन लगभग 20 लाख की लागत से, उदूर्बाजार में भोला विश्वकर्मा के मकान से गुन्नी पांडेय के मकान तक ढक्कनयुक्त नाली व इण्टरलाकिंग सड़क लगभग 7 लाख की लागत से एवं रूईमण्डी (कागदी महाल) में कन्हैया कुशवाहा के मकान से संदीप गुप्ता के मकान होते हुए शिवजी के मन्दिर तक सी0सी0 सड़क लगभग 5 लाख की लागत से कुल लगभग 32 लाख की लागत से निर्मित कार्य का लोकार्पण कर जनता को सुपुर्द कर दिया गया है। साथ ही उदूर्बाजार के कागदी महाल में 10 एचपी मिनी नलकूप का अधिष्ठापन कार्य का शिलान्यास भी किया गया। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने नगर में तीव्र गति से हो रहे विकास कार्य को भी गिनाया जैसे नगर में आरओ वाटर प्लान्ट, कुओं का सुन्दरीकरण, घाटो पर चेंजिंग रूम, दिशा निर्देशन बोर्ड, ओवर हैण्ड टेंको की मरम्मत, रंगाई-पोताई, पम्प हाउस का मरम्मत, हैण्डपम्पो का रिबोर व नया अधिष्ठापन आदि कार्य हैं।

इस मौके पर अल्प संख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष गुलाम कादिर राईनी, रासबिहारी राय, निर्गुणदास केशरी, सन्तोष जायसवाल, अर्जुन सेठ, गिरधारी जायसवाल, सुरेश प्रसाद गुप्ता, राजेन्द्र वर्मा, घनश्याम प्रसाद गुप्ता (वकील) सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामचन्दर पाण्डेय एवं संचालन अजय गुप्ता ह्यसोनूह्ल एवं आभार प्रकाश क्षेत्रीय सभासद श्री हरिलाल गुप्ता ने किया।